# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2014

# सामान्य अध्ययन

### हल प्रश्न-पत्र

### (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

## प्राचीन इतिहास

### वैदिक सभ्यता

**1. 'गोपथब्राह्मण' सम्बन्धित है –**

(a) यजुर्वेद से (b) सामवेद से
(c) अथर्ववेद से (d) ऋग्वेद से

**उत्तर**–(c)

**व्याख्या** – गोपथ ब्राह्मण अथर्ववेद का एकमात्र ब्राह्मण ग्रंथ है। ऐतरेय एवं कौषीतिकी नामक ब्राह्मण ऋग्वेद का, शतपथ एवं तैत्तिरीय ब्राह्मण यजुर्वेद का तथा पंचविश या ताण्ड्य ब्राह्मण सामवेद का ब्राह्मण ग्रंथ है।

### बौद्ध, जैन, भागवत एवं शैव धर्म

**2. 'नयनार' कौन थे?**

(a) वैष्णव धर्मानुयायी (b) शैव धर्मानुयायी
(c) शाक्त (d) सूर्योपासक

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – दक्षिण भारत में पूर्व मध्यकाल में भगवान विष्णु की उपासना करने वाले 'अलवार' और भगवान शिव की उपासना करने वाले 'नयनार' कहलाए। नयनारों की संख्या 63 मानी गयी है। अलवारों की संख्या 12 है।

**3. वल्लभी विश्वविद्यालय स्थित था –**

(a) बिहार में (b) उत्तर प्रदेश में
(c) बंगाल में (d) गुजरात में

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** –वल्लभीपुर प्राचीन भारत का एक नगर था जो पाँचवीं से आठवीं शताब्दी तक मैत्रक राजवंश की राजधानी रहा। यह पश्चिमी भारत के सौराष्ट्र में और बाद में गुजरात राज्य के भावनगर के बंदरगाह के पश्चिमोत्तर में खम्भात की खाड़ी के मुहाने पर स्थित था। मान्यतानुसार इसकी स्थापना 470 ई. में मैत्रक वंश के संस्थापक सेनापति भट्टारक ने की थी। यहाँ की प्रसिद्धि का महत्वपूर्ण कारण वल्लभी विश्वविद्यालय था जो तक्षशिला तथा नालन्दा की परम्परा में था। यह बौद्ध धर्म की हीनयान शाखा की शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था।

**4. हीनयान अवस्था का विशालतम एवं सर्वाधिक विकसित शैलकृत चैत्यगृह स्थित है –**

(a) पीतलखोरा में (b) जुन्नार में
(c) कार्ले में (d) बेडसा में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – हीनयान अवस्था का विशालतम एवं सर्वाधिक विकसित शैलकृत चैत्यगृह कार्ले (लोनावाला, महाराष्ट्र) में स्थित है। भाजा, कोण्डाने, पीतलखोरा, अजंता, बेडसा (नासिक) आदि चैत्य गृहों का संबंध भी हीनयान धर्म से ही है।

### मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

**5. 'सप्तपर्णी गुफा' स्थित है –**

(a) साँची में (b) नालन्दा में
(c) राजगृह में (d) पावापुरी में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – प्रथम बौद्ध संगीति अजातशत्रु के शासनकाल में राजगृह (बिहार) स्थित सप्तपर्णी गुफा में 483 ई. पू. में सम्पन्न हुई थी। इसकी अध्यक्षता महाकस्सप ने की थी। इस संगीति में बुद्ध के उपदेशों को दो पिटकों विनयपिटक और सुत्तपिटक में विभाजित किया गया था।

**6. 'द्वारसमुद्र' किस राजवंश की राजधानी थी?**

(a) गंग (b) काकतीय
(c) होयसल (d) कदम्ब

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – होयसल राज्य की राजधानी द्वारसमुद्र का वर्तमान नाम हलेबिड है, जो कर्नाटक के हासन जिले में है। जबकि वनवासी कदम्ब की राजधानी थी व तलकाड या कुवलाल (वर्तमान नाम कोलार) गंगों की राजधानी थी। काकतीय वंश का संस्थापक रुद्र प्रथम था, जिसने नलगोंडा (हैदराबाद) में राज्य का गठन किया, जिसकी राजधानी वारंगल थी।

### गुप्तकाल एवं गुप्तोत्तर काल तथा बर्द्धन वंश

**7. महाभारत मूलतः किस रूप में जानी जाती थी?**

(a) वृहत्कथा (b) ब्राह्मण
(c) वृहत्संहिता (d) जयसंहिता

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – महाभारत की रचना वेदव्यास ने की थी। पहले इसमें केवल 8800 श्लोक थे और इसका नाम जय संहिता था। बाद में यह बढ़कर 24000 श्लोक हो गया और भारत नाम से प्रसिद्ध हुआ। अंत में एक लाख श्लोक होने के कारण इसे शत् साहस्त्री संहिता या महाभारत कहा जाने लगा। यह अट्ठारह पर्वों में विभक्त है।

**8. किस अभिलेख से ज्ञात होता है कि स्कन्दगुप्त ने हूणों को पराजित किया था?**

(a) भीतरी स्तम्भ-लेख (b) इलाहाबाद स्तम्भ-लेख
(c) मन्दसौर अभिलेख (d) उदयगिरि अभिलेख

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भीतरी स्तम्भ अभिलेख में पुष्यमित्रों एवं हूणों के साथ स्कन्दगुप्त के युद्ध का वर्णन मिलता है। यह अभिलेख उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में सैदपुर तहसील में भीतरी नामक स्थान पर प्राप्त हुआ है। हूणों का पहला भारतीय आक्रमण गुप्त सम्राट स्कंदगुप्त के शासनकाल 455 ई. में हुआ था। जिसमें हूणों को स्कंदगुप्त ने बुरी तरह परास्त किया था।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**9. हर्ष ने निम्नलिखित में से किन रचनाओं का लेखन किया था?**

1. प्रियदर्शिका
2. नागानन्द
3. हर्षचरित
4. रत्नावली

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए।**

**कूट :**

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – हर्ष को विद्वानों के संपोषक के रूप में ही नहीं बल्कि प्रियदर्शिका, रत्नावली और नागानन्द नामक तीन नाटकों के रचयिता के रूप में भी याद किया जाता है। उसे साहित्यकार सम्राट कहा गया है। हर्षचरित की रचना वाणभट्ट ने की थी।

# मध्यकालीन इतिहास

## मुगल साम्राज्य

**10. इनमें से किसे शाहजहाँ ने 'शाह बुलंद इकबाल' की पदवी दी थी?**

(a) दाराशिकोह (b) शूजा
(c) औरंगजेब (d) मुराद

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – शाहजहाँ ने दाराशिकोह को 'शाह बुलंद इकबाल' की उपाधि प्रदान की थी। शाहजहाँ के शासनकाल में उपनिषदों का फारसी भाषा में अनुवाद दारा शिकोह ने 'सिर्र-ए-अकबर' नाम से किया था। इसके अंतर्गत 52 उपनिषदों का अनुवाद हुआ। दाराशिकोह को उसकी सहिष्णुता व उदारता के लिए लेनपूल ने 'लघु अकबर' की संज्ञा प्रदान की है।

# आधुनिक इतिहास

## स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

**11. 'रौलट ऐक्ट' किस वायसराय के काल में पारित हुआ था?**

(a) लॉर्ड हार्डिंग II (b) लॉर्ड रीडिंग
(c) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (d) लॉर्ड मिन्टो II

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – लॉर्ड चेम्सफोर्ड 1916 से 1921 के मध्य भारत के वायसराय रहे। इन्हीं के कार्यकाल में 1919 में रौलेट ऐक्ट पारित हुआ था।

**12. भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 प्रभावी हुआ था –**

(a) जुलाई 4, 1947 ई. को
(b) जुलाई 10, 1947 ई. को
(c) जुलाई 18, 1947 ई. को
(d) अगस्त 14, 1947 ई. को

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – ब्रिटिश संसद द्वारा 18 जुलाई, 1947 को 'भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947' को पारित किया गया, जिसमें भारत और पाकिस्तान की स्थापना के लिए 15 अगस्त, 1947 की तिथि निश्चित की गई।

**13. ब्रिटिश वस्तुओं के बहिष्कार को राष्ट्रीय नीति के रूप में अपनाया गया था –**

(a) 1899 में (b) 1901 में
(c) 1903 में (d) 1905 में

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – लॉर्ड कर्जन ने 20 जुलाई, 1905 ई. को बंगाल विभाजन की घोषणा की जिसके परिणामस्वरूप 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता के टाउन हॉल में स्वदेशी आंदोलन की घोषणा की गई। इसी बैठक में ऐतिहासिक बहिष्कार प्रस्ताव भी पारित हुआ।

**14. 'फूट डालो और राज्य करो' की रणनीति अपनाई गई थी –**

(a) लॉर्ड कर्जन द्वारा (b) लॉर्ड मिंटो द्वारा
(c) लॉर्ड डलहौजी द्वारा (d) लॉर्ड वेलेजली द्वारा

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या**–तत्कालीन भारत सचिव मार्ले एवं वायसराय लॉर्ड मिंटो ने सुधारों का भारतीय परिषद अधिनियम, 1909 पारित किया, जिसे मार्ले-मिंटो सुधार के नाम से जाना जाता है। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य 'फूट डालो और राज्य करो' ही था। स्वयं वायसराय मिंटो ने इस अधिनियम के संदर्भ में कहा था–''याद रखना कि पृथक निर्वाचन क्षेत्र बनाकर हम नाग के दांत बो रहे हैं इसका फल भीषण होगा।''

**15. गदर पार्टी का मुख्यालय था –**

(a) सैन फ्रान्सिस्को में (b) न्यूयॉर्क में
(c) मद्रास में (d) कलकत्ता में

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – नवंबर, 1913 ई. में सोहन सिंह भाकना ने 'हिन्दुस्तान एसोसिएशन ऑफ दि अमेरिका' नामक संस्था की स्थापना की। इस संस्था ने 'गदर' नामक एक अखबार निकाला जिससे इस संस्था का नाम भी गदर पार्टी पड़ गया। इसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को (संयुक्त राज्य अमेरिका) में था।

**16. इनमें से कौन उग्र राष्ट्रवाद के उल्लेखनीय नेताओं में से नहीं था?**

(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) बिपिन चंद्र पाल
(c) लोकमान्य तिलक (d) लाला लाजपत राय

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 1906 ई. के बाद भारतीय राजनीति में काँग्रेस के अंदर उग्रवादी दल के उदय के साथ-साथ देश में क्रांतिकारी उग्रवादी दलों का भी आविर्भाव हुआ। उग्रवादी विचारधारा के चार प्रमुख नेता थे – बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, विपिनचंद पाल तथा अरविंद घोष।

**17. इनमें से किसे 'दि ग्रैन्ड ओल्ड मैन' के नाम से जाना जाता है?**

(a) खान अब्दुल गफ्फार खाँ (b) डब्ल्यू. सी. बनर्जी
(c) दादाभाई नौरोजी (d) मोतीलाल नेहरू

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – दादाभाई नौरोजी (दि ग्रैण्ड ओल्ड मैन) धन के बहिर्गमन सिद्धान्त के सबसे पहले और प्रमुख प्रतिपादक थे। उन्होंने अपने लेखों - 'इंग्लैण्ड डेब्ट टू इंडिया', 'पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया', 'दि वान्ट्स एण्ड मीन्स ऑफ इंडिया' (1876), तथा 'ऑन दि कॉमर्स ऑफ इंडिया' (1871) के माध्यम से धन के बहिर्गमन सिद्धान्त को प्रतिपादित किया।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**18. इनमें से कौन भारतीय संविधान सभा का अध्यक्ष था?**

(a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (b) पं. जवाहर लाल नेहरू
(c) सरदार पटेल (d) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 9 दिसम्बर, 1946 को संविधान की प्रथम बैठक की अध्यक्षता अस्थायी अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा ने की थी। 11 दिसम्बर, 1946 को संविधान सभा ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को निर्विरोध संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष के रूप में चुना।

**19. स्वतंत्रता का नव-ग्रहीत तिरंगा पहली बार कब लहराया गया?**

(a) 31 दिसम्बर, 1928 (b) 31 दिसम्बर, 1929
(c) 31 दिसम्बर, 1930 (d) 31 दिसम्बर, 1931

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – दिसम्बर, 1929 में पं. जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में काँग्रेस का ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन हुआ, जिसमें संबंधित प्रस्ताव के पारित होने के बाद नेहरू ने 'पूर्ण स्वराज' का लक्ष्य घोषित किया। जैसे ही 31 दिसंबर, 1929 को मध्य रात्रि का घंटा बजा, काँग्रेस अध्यक्ष जवाहर लाल नेहरू ने रावी के तट पर भारतीय स्वतंत्रता का नव-ग्रहीत तिरंगा झंडा फहराया।

**20. भूदान आन्दोलन का प्रारम्भ सर्वप्रथम किस राज्य में हुआ था?**

(a) आन्ध्र प्रदेश (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – आचार्य विनोबा भावे सर्वोदय सम्मेलन के संदर्भ में 18 अप्रैल, 1951 को आन्ध्र प्रदेश के 'नलगोण्डा' जिले में पहुँचे थे, जहाँ भूमिहीन कृषकों की दशा सुधारने हेतु विनोबा भावे ने 1951 ई. में भूमिदान तथा ग्रामदान आंदोलनों की शुरुआत वर्तमान तेलंगाना के पोचमपल्ली गाँव से की, जिससे भूमिहीन निर्धन किसान समाज की मुख्य धारा से जुड़कर गरिमामय जीवनयापन कर सके। अक्टूबर 1951 से 1957 तक विनोबा जी ने पूरे भारत में 50 मिलियन एकड़ भूमि भूमिहीनों के लिए प्राप्त करने के उद्देश्य से भूदान आंदोलन का नेतृत्व किया।

# भारत का भूगोल

## भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

**21. शुष्कता दशा संदर्भित है –**

(a) निम्न ताप से (b) निम्न आर्द्रता से
(c) उच्च वाष्पन से (d) अति उच्च ताप से

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – शुष्कता दशा का जन्म निम्न आर्द्रता के कारण होता है। वायुमण्डल में उपस्थित जलवाष्प को आर्द्रता कहते हैं। आर्द्रता को ग्राम प्रति घनमीटर में मापा जाता है।

**22. क्षेत्रफल के हिसाब से विश्व का दूसरा वृहत्तम महाद्वीप है –**

(a) एशिया (b) दक्षिण अमेरिका
(c) उत्तर अमेरिका (d) अफ्रीका

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**– क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व के महाद्वीपों का क्रम निम्नलिखित है (घटते क्रम में) - एशिया > अफ्रीका > उत्तरी अमेरिका > दक्षिणी अमेरिका > अंटार्कटिका > यूरोप > ऑस्ट्रेलिया।

**23. कौन-सी नदी ओडिशा में अपना डेल्टा बनाती है?**

(a) गोदावरी (b) महानदी
(c) नर्मदा (d) ताप्ती

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – महानदी छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में सिहावा नामक पर्वत श्रेणी से निकलकर पूर्व व दक्षिण-पूर्व की ओर बहती हुई कटक (ओडिशा) के निकट बड़ा डेल्टा बनाती है। इसकी लंबाई लगभग 851 किमी. है। इसे 'छत्तीसगढ़ की गंगा' तथा 'ओडिशा का शोक कहते' कहते हैं।

**24. बेतवा नदी मिलती है –**

(a) गंगा से (b) यमुना से
(c) ब्रह्मपुत्र से (d) सोन से

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – बेतवा नदी मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में विन्ध्य पर्वत श्रेणी से उद्गमित होती है। बेतवा नदी की कुल लंबाई लगभग 590 किमी. है। यह हमीरपुर (उ. प्र.) में आकर यमुना में मिल जाती है। यमुना की अन्य सहायक नदियाँ केन, चम्बल, टोंस व सिन्ध हैं। जबकि बीना, जमनी तथा धसान बेतवा की सहायक नदियां हैं।

**25. भारत के कितने राज्य समुद्र के किनारे पर हैं?**

(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – भारत के नौ राज्य तटरेखा से लगे हैं। ये राज्य हैं – गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल। भारत में सर्वाधिक लम्बी समुद्र तटीय सीमा वाला राज्य गुजरात है। इसकी समुद्री तट रेखा 1600 किमी. लम्बी है।

## मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

**26. भारत में सबसे अधिक उपजाऊ मृदा कौन-सी है?**

(a) लाल मृदा (b) काली मृदा
(c) जलोढ़ मृदा (d) चूनेदार मृदा

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में सबसे अधिक क्षेत्रफल पर जलोढ़ मृदा का विस्तार है। जलोढ़ मिट्टी का निर्माण नदियों के निक्षेपण से होता है। जलोढ़ मिट्टी में नाइट्रोजन एवं फॉस्फोरस की मात्रा कम होती है। इस मिट्टी में पोटाश एवं चूना पर्याप्त मात्रा में होता है। भारत में उत्तर का मैदान (गंगा का मैदान) ब्रह्मपुत्र एवं गोदावरी का मैदान, कावेरी का मैदान आदि जलोढ़ मिट्टी के निक्षेपण से बने हैं। इस मिट्टी में गेहूँ, धान, अरहर, चना, मसूर, आलू, मक्का आदि उगाए जाते हैं। जलोढ़ मिट्टी के अन्तर्गत बांगर एवं खादर मिट्टी आते हैं। जलोढ़ मृदा सर्वाधिक उपजाऊ होती है।

**27. साधारणतः ओरोबैंकी खरपतवार पाया जाता है –**

(a) तम्बाकू के खेत में (b) चना के खेत में
(c) धान के खेत में (d) गेहूँ के खेत में

**उत्तर** – (a)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – वैज्ञानिक भाषा में ओरोबैंकी या हिन्दी में आग्या के नाम से जाना जाने वाला यह परजीवी किस्म का पौधा है जो कि तम्बाकू के अलावा चना, सरसों, टमाटर व जीरे की फसल को भी खराब कर देता है।

**28. सबसे अधिक प्रोटीन पाई जाती है –**

(a) उड़द के दाने में
(b) अरहर के दाने में
(c) मटर के दाने में
(d) सोयाबीन के दाने में

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – सोयाबीन मानव पोषण एवं स्वास्थ्य के लिए बहुउपयोगी खाद्य पदार्थ है। सोयाबीन एक महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत है। इसमें 38-40% प्रोटीन, 22% वसा, 21% कार्बोहाइड्रेट होता है। सोयाबीन के एमिनो अम्ल की संरचना पशु प्रोटीन के समकक्ष होती है।

**29. बासमती चावल की रोपाई हेतु उपयुक्त बीज-दर है** –

(a) 45-50 किग्रा./हेक्टेयर
(b) 20-30 किग्रा./हेक्टेयर
(c) 15-20 किग्रा./हेक्टेयर
(d) 5-10 किग्रा./हेक्टेयर

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – बासमती भारत की लम्बे चावल की एक उत्कृष्ट किस्म है। इसका वैज्ञानिक नाम 'ओराय्जा सैटिवा' है। यह अपने खास स्वाद और मोहक खुशबू के लिए प्रसिद्ध है। भारत चावल की इस किस्म का विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक दोनों है। यह चावल दो प्रकार का होता है - श्वेत और भूरा। इसकी रोपाई हेतु उपयुक्त बीज दर 15-20 किग्रा. प्रति हेक्टेयर है।

**30. 'मुद्रा' के अवमूल्यन का परिणाम है** –

(a) देश में आयातों एवं निर्यातों का बढ़ना
(b) देश में आयातों एवं निर्यातों का घटना
(c) देश में निर्यातों का बढ़ना और आयातों का घटना
(d) देश में आयातों का बढ़ना और निर्यातों का घटना

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – यदि किसी मुद्रा का विनिमय मूल्य अन्य मुद्राओं की तुलना में जानबूझकर कम कर दिया जाता है, तो इसे उस मुद्रा का अवमूल्यन कहते हैं। यह अवमूल्यन परिस्थितियों के अनुसार सरकार स्वयं करती है। देश में निर्यातों का बढ़ना एवं आयातों का घटना मुद्रा के अवमूल्यन का परिणाम होता है।

**31. 'ह्यूमस' उदाहरण है** –

(a) मृदा संरचना का
(b) क्रिस्टैलॉइड का
(c) जैविक कोलॉइड का
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – किसी भी मृदा में पाये जाने वाले सभी विच्छेदित कार्बनिक पदार्थों को ह्यूमस कहते हैं। ह्यूमस का निर्माण विभिन्न पादप एवं जन्तु अवशिष्टों के विच्छेदन द्वारा होता है। यह विच्छेदन मृदा में पाये जाने वाले कवक एवं जीवाणु आदि करते हैं।

**32. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य इलायची के उत्पादन के लिए पहचान नहीं रखता है?**

(a) केरल
(b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु
(d) ओडिशा

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – इलायची का उत्पादन भारत में केरल, कर्नाटक व तमिलनाडु राज्यों में होता है। ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम व बिहार आदि राज्यों में जूट का उत्पादन होता है।

**33. मुम्बई की मीठी नदी निम्नलिखित में से किस झील से निकलती है?**

(a) तुलसी झील
(b) विहार झील
(c) पोवई झील
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मीठी नदी का उद्गम स्थल मुंबई के गोरेगांव (पूर्वी) क्षेत्र के आरे कॉलोनी में स्थित है। प्रारंभ में मीठी नदी विहार झील से पानी प्राप्त करती है और 2 किमी. के प्रवाह के बाद इसमें पवई झील का पानी भी मिल जाता है। यह नदी अंत में माहिम क्रीक में मिल जाती है। इस नदी की कुल लंबाई 18 किमी. है।

## खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

**34. भारत में कोयले का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है?**

(a) पश्चिम बंगाल
(b) ओडिशा
(c) आन्ध्र प्रदेश
(d) मध्य प्रदेश

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – प्रश्नकाल के दौरान भारत में कोयले का सर्वाधिक उत्पादक राज्य ओडिशा था। वर्ष 2021-22 में इंडिया मिनिरल्स बुक के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में कोयला उत्पादक राज्यों का क्रम इस प्रकार है- ओडिशा (23.78%), छत्तीसगढ़ (19.80%), मध्य प्रदेश (17.73%), झारखण्ड (16.72%)।

**35. हजीरा-बीजापुर-जगदीशपुर (एच. बी. जे.) गैस पाइपलाइन निम्नलिखित में से किस प्राधिकरण द्वारा निर्मित की गई है?**

(a) गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
(b) ऑइल इन्डिया लिमिटेड
(c) इन्डियन ऑइल कम्पनी
(d) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – हजीरा-बीजापुर-जगदीशपुर गैस पाइप लाइन परियोजना का निर्माण गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा किया गया है।

# विश्व का भूगोल

## स्थल मण्डल

**36. अरावली श्रेणियाँ किस राज्य में स्थित हैं?**

(a) राजस्थान
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) ओडिशा
(d) आन्ध्र प्रदेश

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – अरावली पर्वत श्रेणी गुजरात के पालनपुर से लेकर राजस्थान एवं हरियाणा से होकर दिल्ली तक लगभग 800 किमी. की लम्बाई में विस्तृत है। इसका निर्माण प्री-कैम्ब्रियन काल के में हुआ था। यह भारत सहित विश्व की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला है। इसकी सर्वोच्च चोटी गुरु शिखर (1722 मी.) है। जो माउंट आबू में है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**37. निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वनों का विस्तार अधिक है?**

(a) अफ्रीका (b) एशिया
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) दक्षिणी अमेरिका

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – एशिया महाद्वीप में उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वनों का सर्वाधिक विस्तार पाया जाता है। ये वन गर्मी के प्रारम्भ में ही अपनी पत्तियां गिरा देते हैं, इसलिए इन्हें पतझड़ वाले या मानसूनी वन भी कहते हैं। ये वृक्ष अधिक लम्बे या सघन नहीं होते, इनमें साल सागौन, शीशम, चन्दन, आँवला, महुआ इत्यादि आते हैं। इन वनों की लकड़ी मुलायम मजबूत और टिकाऊ होती है।

## जल मण्डल

**38. सारगासो समुद्र की विशिष्टता है –**

(a) अति ठण्डा पानी
(b) अति गर्म पानी
(c) अत्यधिक लवणीय पानी
(d) विशिष्ट समुद्री वनस्पति

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – सारगैसो समुद्र की विशिष्टता समुद्री वनस्पति के कारण है। उ. अटलांटिक महासागर में $20^0$-$40^0$ उत्तरी अक्षांशों तथा $35^0$ से $75^0$ पश्चिमी देशान्तरों के मध्य स्थित शांत एवं स्थिर जल के क्षेत्र को सारगैसो सागर कहा जाता है। इस तट पर मोटी समुद्री घास तैरती है। इस घास को पुर्तगाली भाषा में सारगैसम कहते है। इसी नाम पर इसका नाम सारगैसो सागर रखा गया है।

## आर्थिक भूगोल

**39. मैक्सिको सबसे बड़ा उत्पादक है –**

(a) सोना का (b) ताँबा का
(c) जस्ता का (d) चाँदी का

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – मिनिरल कमोडिटी समरीज, 2023 के आंकड़ों के अनुसार मैक्सिको (22.82%) चांदी का सबसे बड़ा उत्पादक देश है इसके बाद क्रमशः चीन (13.75%), पेरु (11.09%) हैं। सोने का सबसे बड़ा उत्पादक चीन तथा तांबे का सबसे बड़ा उत्पादक चिली है।

**40. निम्नलिखित में से कौन-सा नगर सुपीरियर झील पर स्थित है?**

(a) शिकागो (b) बफैलो
(c) डेट्रॉइट (d) डुलुथ

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – विश्व की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील सुपीरियर झील है, जो कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्य स्थित पाँच महान झीलों में से एक है। प्रश्नगत विकल्पों में से ''डुलुथ'' इस झील पर स्थित है।

**41. भारत के निम्नलिखित राज्यों में से कौन-सा एक नारियल का सबसे बड़ा उत्पादक है?**

(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) आन्ध्र प्रदेश

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**– प्रश्नकाल में तमिलनाडु नारियल का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य था। वर्तमान आंकड़ो के अनुसार (वर्ष 2021-22 तृतीय अग्रिम अनुमान) शीर्ष नारियल उत्पादक राज्य क्रमशः केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु है।

**42. नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत विश्व में इस्पात उत्पादन में किस स्थान पर है?**

(a) चौथा (b) तीसरा
(c) दूसरा (d) पहला

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – प्रश्नकाल के दौरान भारत का इस्पात उत्पादन में तीसरा स्थान था। वर्तमान में चीन प्रथम व भारत का द्वितीय व जापान तीसरे स्थान पर है।

## जनसंख्या एवं नगरीकरण

**43. 2011 की जनगणना में उत्तर प्रदेश के किस जिले में साक्षरता-दर उच्चतम थी?**

(a) गाजियाबाद (b) महोबा
(c) कानपुर (d) वाराणसी

**उत्तर**–(*)

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक साक्षरता दर वाला जिला गौतम बुद्ध नगर (80.1%) तथा न्यूनतम साक्षरता दर वाला जिला श्रावस्ती (46.7%) है। किन्तु दिये गये विकल्पों में से सर्वाधिक जिले का चयन करना हो तो वह कानपुर नगर (79.7%) होगा। **नोट –** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) गाजियाबाद (78.1%) को माना था।

**44. भारत में जनसंख्या घनत्व –**

(a) निरंतर बढ़ा है
(b) लगभग स्थिर रहा है
(c) कुछ कम हुआ है
(d) पहले बढ़ा है और फिर 1991 के पश्चात् घटा है

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 1911-21 के दशक में भारत में जनघनत्व में वृद्धि ऋणात्मक (–1.2) रही है। इसके पश्चात् भारत के जनसंख्या घनत्व में निरंतर वृद्धि हुई है। 2001 से 2011 के दशक में जनघनत्व में 57 व्यक्ति/वर्ग किमी. की वृद्धि हुई है। 2011 की जनगणनानुसार भारत का जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति किमी. है।

**45. निम्नलिखित में से कौन-सा एक दशक भारतीय नियोजन के इतिहास में 'रोजगार-विहीन वृद्धि का दशक' कहलाने योग्य है?**

(a) 1971 – 1980 (b) 1991 – 2000
(c) 2001 – 2010 (d) 2005 – 2015

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – 2005-2015 का दशक भारतीय नियोजन के इतिहास में 'रोजगार विहीन वृद्धि का दशक' कहलाने के योग्य है। रोजगार विहीन वृद्धि वह स्थिति है जिसके अन्तर्गत अर्थव्यवस्था में उत्पादन का स्तर तो बढ़ता है परन्तु रोजगार के अवसरों में उस अनुपात में वृद्धि नहीं होती है ऐसी स्थिति को रोजगार विहीन वृद्धि कहते हैं।

**46. भारत में प्रभावित साक्षरता-दर की गणना की जाती है –**

(a) कुल जनसंख्या में
(b) बच्चों की जनसंख्या से



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(c) वयस्कों की जनसंख्या से
(d) 7 वर्ष की उम्र के ऊपर जनसंख्या से
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–भारत में प्रभावित साक्षरता दर की गणना 7 वर्ष की उम्र के ऊपर जनसंख्या से ली जाती है। वर्तमान में सर्वाधिक साक्षर राज्य केरल है।

**47. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या में नगरीय जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?**
(a) 31.8 प्रतिशत (b) 30.8 प्रतिशत
(c) 32.2 प्रतिशत (d) 31.2 प्रतिशत
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – जनगणना 2011 की अंतिम आंकड़ों के अनुसार कुल जनसंख्या में ग्रामीण जनसंख्या 68.8% तथा शहरी जनसंख्या 31.2% है। हिमाचल प्रदेश में सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या प्रतिशतता तथा दिल्ली में सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या प्रतिशतता पायी जाती है। जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक शहरी जनसंख्या प्रतिशतता वाला राज्य गोवा (62.2%) तथा केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली (97.5%) है।

# भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

## नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्त्तव्य, राज्य के नीतिनिदेशक तत्व

**48. भारतीय संविधान में समानता का अधिकार 5 अनुच्छेदों द्वारा स्वीकृत है। वे हैं –**
(a) अनुच्छेद 13-17 (b) अनुच्छेद 14-18
(c) अनुच्छेद 15-19 (d) अनुच्छेद 16-20
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारतीय संविधान में समता का अधिकार भाग-III में अनुच्छेद 14 से 18 तक यथा रूप में वर्णित है –
अनुच्छेद-14 – विधि के समक्ष समता
अनुच्छेद-15 – धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग और जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध
अनुच्छेद-16 – लोक नियोजन के विषयों में अवसर की समानता
अनुच्छेद-17 – अस्पृश्यता का अंत
अनुच्छेद-18 – उपाधियों का अंत

**49. भारत के संविधान के निर्माताओं ने मौलिक अधिकारों की अवधारणा को उधार लिया था –**
(a) यू. एस. ए. के संविधान से
(b) आयरलैण्ड के संविधान से
(c) कनाडा के संविधान से
(d) सोवियत संघ के संविधान से
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भारतीय संविधान में सन्निहित मूल अधिकारों की अवधारणा, सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियाँ व संगठन तथा उपराष्ट्रपति का पद संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से लिया गया है। भारतीय संविधान में सन्निहित मौलिक अधिकार की अवधारणा, न्यायिक पुनरावलोकन, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, उपराष्ट्रपति का पद, राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया, संविधान की सर्वोच्चता आदि संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से लिया गया है।

**50. निम्नलिखित में से कौन-सा एक राज्य का नीति-निदेशक सिद्धान्त, संविधान के बाद में जोड़ा गया?**
(a) ग्राम पंचायतों का संगठन
(b) गोवध-निषेध
(c) मुफ्त कानूनी सलाह
(d) समान नागरिक संहिता
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – 42वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़े गए राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त निम्नलिखित हैं –
अनुच्छेद-39 (च) – शोषण से बच्चों एवं वयस्कों की सुरक्षा
अनुच्छेद-39 (क) – समान न्याय तथा निःशुल्क कानूनी सहायता
अनुच्छेद-43 (क) – उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी

## संघ एवं राज्य संबंध, प्रशासन, जम्मू कश्मीर राज्य

**51. किनके बीच सम्बन्धों की पुनरीक्षा के लिए सरकारिया आयोग का गठन किया गया था?**
(a) प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति
(b) विधायिका और कार्यपालिका
(c) कार्यपालिका और न्यायपालिका
(d) केंद्र और राज्य
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या**–केंद्र तथा राज्य संबंधों पर विचार करने के लिए वर्ष 1983 में न्यायमूर्ति रणजीत सिंह सरकारिया की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। इस समिति के अन्य सदस्य श्री बी. शिवरमन तथा एस. आर. सेन थे। इस समिति ने 1988 में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी थी।

**52. भारत के संविधान के किस भाग में संघ-राज्य सम्बन्धों का उल्लेख किया गया है?**
(a) भाग X (दस) (b) भाग XI (ग्यारह)
(c) भाग XIV (चौदह) (d) भाग XV (पंद्रह)
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – संघ तथा राज्यों के मध्य विधायी संबंधी प्रावधान संविधान के भाग-11 में अनुच्छेद-245 से 263 के मध्य दिया गया है।

**53. यदि भारत के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति दोनों त्यागपत्र दे दें, तो ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति के रूप में कौन कार्य करेगा?**
(a) लोक सभा का अध्यक्ष
(b) प्रधानमंत्री
(c) गृहमंत्री
(d) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – संविधान के अनुच्छेद-65 के अनुसार यदि मृत्यु, त्यागपत्र अथवा हटाए जाने की स्थिति में राष्ट्रपति का पद रिक्त हो तो पद का कार्यभार उप-राष्ट्रपति संभालेगा तथा यदि किन्हीं कारणों से उप-राष्ट्रपति भी उपलब्ध नहीं है तो उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश या उसके न रहने पर उसी न्यायालय का वरिष्ठतम् न्यायाधीश राष्ट्रपति के कृत्यों को सम्पादित करेगा (राष्ट्रपति उत्तराधिकार अधिनियम, 1969)।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

## न्याय व्यवस्था (संघ एवं राज्य)

**54. भारत में 'न्यायिक सक्रियता' सम्बन्धित है –**
(a) प्रतिबद्ध न्यायपालिका से
(b) जनहित याचिका से
(c) न्यायिक पुनरावलोकन से
(d) न्यायिक स्वतंत्रता से
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – भारत के सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों में दायर की जाने वाली जनहित याचिकाओं से 'न्यायिक सक्रियता' के सिद्धान्त का प्रतिपादन होता है। भारत में न्यायिक सक्रियता की नींव न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्ण अय्यर, न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती, न्यायमूर्ति ओ. चिन्नप्पा रेड्डी और न्यायमूर्ति डी.ए. देसाई ने रखी थी।

**55. सर्वोच्च न्यायालय के नवीनतम फैसले के अनुसार सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (ए. एफ. टी.) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**
(a) उच्च न्यायालय ए. एफ. टी. के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर विचार नहीं कर सकती है
(b) उच्च न्यायालय ए. एफ. टी. के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर विचार कर सकती है
(c) उच्च न्यायालय ए. एफ. टी. के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर मेजर से नीचे के पदाधिकारियों से सम्बन्धित मामलों पर विचार कर सकती है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – सर्वोच्च न्यायालय के नवीनतम फैसले के अनुसार सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (ए.एफ.टी.) के फैसले के विरुद्ध रिट याचिकाओं पर उच्च न्यायालय सुनवाई नहीं कर सकता है।

# अर्थव्यवस्था

## आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

**56. 2015-16 में संघ सरकार के बजट में बीमा कम्पनियों की अंशपूँजी के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा बढ़ाकर कर दी गई है –**
(a) 49% (b) 76%
(c) 81% (d) 99%
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 2015-16 में संघ सरकार के बजट में बीमा कम्पनियों की अंशपूँजी के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा बढ़ाकर 49% कर दी गई है। 2018-19 के बजट में बीमा क्षेत्र में एफ.डी.आई. को 74% करने का प्रस्ताव किया गया है। वर्तमान में भी बीमा क्षेत्र में एफडीआई 74% है।

**57. भारत में दीर्घकालीन राजकोषीय नीति की घोषणा किस वित्त मंत्री द्वारा की गई?**
(a) वी. पी. सिंह (b) पी. चिदम्बरम
(c) डॉ. मनमोहन सिंह (d) यशवन्त सिन्हा
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – भारत में दीर्घकालीन राजकोषीय नीति की घोषणा वी.पी. सिंह द्वारा 1985-86 के बजट में की गई। सार्वजनिक व्यय, करारोपण, सार्वजनिक ऋण तथा हीनार्थ प्रबन्धन से सम्बन्धित नीति को ही राजकोषीय नीति कहते हैं।

## कृषि, उद्योग एवं व्यापार

**58. 2011 में सूक्ष्म एवं वित्त संस्थाएँ (माइक्रो-फाइनेंस इंस्टीट्यूशन) निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश पर स्थापित किए गए?**
(a) मालेगाम समिति (b) गोइपोरिया समिति
(c) रंगराजन समिति (d) बैंकिंग रिफॉर्म्स समिति
**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 2011 में सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ (माइक्रो-फानेंस इंस्टीट्यूशन) मालेगाम समिति की सिफारिश पर स्थापित की गयी थीं।

## मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र राज्य वित्तीय सम्बन्ध

**59. 'प्रतिच्छाया बैंकिंग' क्या है?**
(a) बैंक के कार्य को बैंक द्वारा आउटसोर्स करना
(b) गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं (NBFCs) द्वारा वित्तीय तथा अन्य गतिविधियों को सम्पन्न करना
(c) घरेलू बैंकों की विदेश में गतिविधियाँ
(d) विदेशी बैंक द्वारा दूसरे देश के अंदर बैंकिंग क्रियाएँ व अन्य गतिविधियाँ करना
**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं द्वारा वित्तीय तथा अन्य गतिविधियों को सम्पन्न करना 'प्रतिच्छाया बैंकिंग' कहलाता है। इसे आभासी बैंकिंग व्यवस्था भी कहा जाता है।

**60. 31 मार्च, 2015 तक निम्नलिखित में से किस गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा व्यापारिक बैंक खोलने का लाइसेंस दिया गया?**
(a) रिलाएन्स कैपिटल
(b) बजाज कैपिटल
(c) आई. डी. एफ. सी.
(d) आई. एफ. सी. आई.
**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – आई. डी. एफ. सी. नामक गैर बैंकिंग वित्तीय संस्था को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा व्यापारिक बैंक खोलने का लाइसेंस (2 अप्रैल 2014) दिया गया। 6 नवम्बर, 2015 को IDFCs को BSE & NSE पर सूचीबद्ध किया गया।

**61. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रत्यक्ष कर है?**
(a) विक्रय कर (b) एक्साइज ड्यूटी
(c) कस्टम्स ड्यूटी (d) सम्पदा कर
**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – आयकर, निगम कर, व्यय कर, सम्पदा कर, पूँजी लाभ कर, लाभांश कर, ब्याज कर, उपहार कर इत्यादि प्रत्यक्ष कर के उदाहरण हैं जबकि विक्रय कर, एक्साइज ड्यूटी और सीमा शुल्क अप्रत्यक्ष कर है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**62. किस राज्य सरकार के व्यापार का संचालन भारतीय रिज़र्व बैंक नहीं करता है?**

(a) नागालैण्ड (b) जम्मू और कश्मीर
(c) पंजाब (d) असम

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – प्रश्नकाल में जम्मू और कश्मीर राज्य के साथ-साथ सिक्किम राज्य के व्यापार का संचालन भारतीय रिजर्व बैंक नहीं करता था। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को भारत का केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया गया है। अतः भारत सरकार की नीतियाँ अब वहाँ स्वतः लागू हो गई हैं। वर्तमान में केवल सिक्किम राज्य के व्यापार का संचालन आर.बी.आई. नहीं करता है।

**63. पेमेन्ट ऑफ ग्रैच्युटी ऐक्ट, 1972 के अनुसार ग्रैच्युटी भुगतान की अधिकतम सीमा क्या है?**

(a) रु. 3 लाख (b) रु. 7.50 लाख
(c) रु. 10 लाख (d) रु. 10.50 लाख

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – प्रश्न के समय पेमेन्ट ऑफ ग्रैच्युटी ऐक्ट, 1972 के अनुसार ग्रैच्युटी भुगतान की अधिकतम सीमा 3.5 लाख रुपये से बढ़कर 10 लाख रु. कर दी गयी थी। उल्लेखनीय है कि अब यह सीमा 20 लाख हो गयी है।

**64. 'पैन' के प्रारम्भ में पाँच अंग्रेजी के अक्षर होते हैं, जैसे AFZPK 7190 K, इसमें P दर्शाता है –**

(a) व्यक्तिगत (b) फर्म
(c) अविभाजित हिन्दू परिवार (d) व्यक्तियों का समूह

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – स्थायी खाता संख्या या पैन भारत में दस अंकीय वर्णनात्मक संख्या है जो आयकर विभाग द्वारा लैमिनेटेड कार्ड के रूप में जारी किया जाता है। पैन के प्रारम्भ में दिये गये पाँच अंग्रेजी अक्षरों में से P (Person) अक्षर व्यक्तिगत को दर्शाता है। चौथा अक्षर कार्ड धारक को तथा पांचवां अक्षर कार्ड धारक के सरनेम को दर्शाता है।

# विज्ञान

## भौतिक विज्ञान

**65. हवाई जहाज के टायरों को चौड़ा करने में निम्नलिखित में से कौन-सी गैस प्रयुक्त होती है?**

(a) हाइड्रोजन (b) हीलियम
(c) नाइट्रोजन (d) निऑन

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – वायुयान के टायरों में भरने के हेतु नाइट्रोजन गैस का प्रयोग किया जाता है। वायुयान के टायरों का दबाव एवं तापमान बहुत उच्च होता है जिससे वायुयान के उतरते एवं रुकते समय टायरों में विस्फोट होने की संभावना प्रबल हो जाती है। नाइट्रोजन गैस का दबाव कम होने के कारण टायरों में विस्फोट की संभावना नगण्य हो जाती है।

**नोट :** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (b) हीलियम को माना था।। किन्तु बाद में संशोधन कर विकल्प (c) को स्वीकार किया।

**66. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

**कथन (A) :** सोते समय तीव्र प्रकाश अवांछनीय होता है।

**कारण (R) :** तीव्र प्रकाश में शरीर में मेलाटोनिन का उत्पादन अधिक होता है।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए।**

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (R) है
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(c) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है
(d) (A) असत्य है किन्तु (R) सत्य है

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–तीव्र प्रकाश में शरीर में मेलाटोनिन का उत्पादन कम होने लगता है, जिससे निद्रा में व्यवधान आता है। इसीलिए सोते समय तीव्र प्रकाश अवांछनीय होता है। शरीर में पीनियल ग्रंथि के द्वारा 'मेलाटोनिन' नामक हार्मोन का निर्माण किया जाता है। पीनियल ग्रंथि एक मटर के आकार की ग्रंथि है और मस्तिष्क के मध्य से ठीक ऊपर स्थित होती है। दिन के दौरान पीनियल निष्क्रिय रहता है और जब सूरज ढल जाता है और अंधेरा होता है तो एससीएन (SCN) द्वारा पीनियल को सक्रिय कर दिया जाता है और मेलाटोनिन का उत्पादन होने लगता है और यह रक्त में फैल जाती है जिसके कारण नींद आने लगती है।

## रसायन विज्ञान

**67. 'लाल स्याही' बनाई जाती है –**

(a) फिनॉल से (b) एनिलीन से
(c) कांगो रेड से (d) इओसिन से

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – स्याही एक द्रव है जिसमें बहुत से रंजक होते हैं। लाल स्याही इओसिन से बनाई जाती है।

**68. भोपाल गैस त्रासदी से सम्बन्धित यौगिक का नाम था –**

(a) मेथाइल ऐल्कोहॉल (b) फॉस्फाजीन
(c) मेथाइल आइसोसाइनेट (d) मेथाइलएमाइन

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – भोपाल गैस त्रासदी (1984) मिथाइल आइसोसायनाइट नामक गैस के फैलने से हुई थी।

**69. फोटोग्राफी में स्थिर करने के रूप में प्रयुक्त होने वाला रासायनिक पदार्थ है –**

(a) सोडियम थायोसल्फेट (b) बोरेक्स
(c) सोडियम टेट्राथायोनेट (d) अमोनियम मोलिब्डेट

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – सोडियम थायोसल्फेट नामक रसायन का प्रयोग फोटोग्राफी में निगेटिव एवं पॉजिटिव के स्थायीकरण में होता है। इसका उपयोग सोने व चाँदी के निष्कर्षण में भी किया जाता है।

**70. निम्नलिखित में से किस लवण को प्रतिदिन खाद्य-नमक के रूप में उपयोग नहीं करना चाहिए?**

(a) आयोडीनयुक्त नमक (b) समुद्री नमक
(c) सेंधा नमक (d) संसाधिक साधारण नमक

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – समुद्री नमक का प्रतिदिन सेवन मानव के लिए घातक हो सकता है। समुद्री नमक के अधिक उपयोग से उच्च रक्तचाप व किडनी खराब होने की सम्भावना होती है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**71. प्राकृतिक कपूर प्राप्त होता है –**

(a) हिमालय पर्वत के उच्च स्थानों की चट्टानों से
(b) वेनेजुएला में ऐन्जिल प्रपात के फेन (झाग) से
(c) चीन तथा जापान के एक देशज वृक्ष से
(d) अंडमान के निकट समुद्री ज्वार-भाटा के अवसाद से

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या**–प्राकृतिक कपूर चीन तथा जापान के एक देशज वृक्ष से प्राप्त होता है। कपूर के वृक्ष का वानस्पतिक नाम 'सिन्नामोमम कैम्फोरा' है। यह एक सदाबहार वृक्ष है। यह मुख्यतः चीन में पाया जाता है जहाँ से यह जापान, कोरिया, ताइवान व वियतनाम और दुनिया के बाकी देशों में पहुँचा। भारत में कपूर के वृक्ष देहरादून, मैसूर, सहारनपुर व नीलगिरी में पाये जाते हैं।

## मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

**72. निम्नलिखित में से यौगिकों के किस समूह को 'सहायक आहार कारक' कहा जाता है?**

(a) वसा (b) अंतःस्राव (हार्मोन)
(c) प्रोटीन (d) विटामिन

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – विटामिन भोजन के अवयव हैं, जिनको 'सहायक आहार कारक' की संज्ञा दी जाती है। अल्प मात्रा में इसकी आवश्यकता सभी जीवों को होती है। रासायनिक रूप से ये कार्बनिक यौगिक होते हैं।

**73. भोजन का एक प्रमुख अंग है –**

(a) स्टार्च (b) ग्लूकोज
(c) कार्बोहाइड्रेट (d) सेलुलोज

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – कार्बोहाइड्रेट ऊर्जा प्रदान करने वाले पदार्थों का वर्ग है। ये रासायनिक यौगिक होते हैं जिसमें कार्बन, हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन होते हैं। कार्बोहाइड्रेट कार्बनिक यौगिक होते हैं जो पचने के पश्चात् ग्लूकोज में परिवर्तित हो जाते हैं और ग्लूकोज ऑक्सीजन के द्वारा आक्सीकृत होकर शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**74. मानव के बाल एवं नख में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रोटीन विद्यमान है?**

(a) ऑक्सिटोसिन (b) किरेटिन
(c) वैसोप्रेसिन (d) ट्रिप्सिन

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मानव के बाल एवं नख, पशुओं के सींग एवं खुर में किरेटिन नामक प्रोटीन विद्यमान रहता है।

**75. गाय का दूध पीले-सफेद रंग का होता है, जिसका कारण उसमें निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति है?**

(a) केसीन
(b) लैक्टोस
(c) केसीन के साथ-साथ कैरोटीन
(d) लैक्टोस के साथ-साथ ब्यूटिरिक ऐसिड

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – कैसीन नामक प्रोटीन की उपस्थिति के कारण दूध का रंग सफेद और कैरोटिन की उपस्थिति के कारण दूध का रंग पीला होता है। लैक्टोज की मौजूदगी से दूध में हल्की मिठास होती है।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**76. निम्नलिखित में से कौन-सा जैव निम्नीकरण है?**

(a) प्लास्टिक (b) पॉलीथिन
(c) पारा (मर्करी) (d) रबर

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – प्राकृतिक रबर जैव निम्नीकरण होता है। यह पेड़ों और लताओं के रस या रबरक्षीर से बनता है।

**77. निम्नलिखित में से कौन सी गैस ओजोन परत के ह्रास के लिए उत्तरदायी है?**

(a) नाइट्रस ऑक्साइड (b) क्लोरोफ्लोरोकार्बन
(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) कार्बन मोनॉक्साइड

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – ओजोन परत समतापमंडल के निचले भाग पर पृथ्वी की सतह के ऊपर लगभग 15-35 किमी. की ऊँचाई पर पाया जाता है। ओजोन ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से मिलकर बनी गैस है। ओजोन परत की मोटाई (या मात्रा) नापने की इकाई डॉबसन है।

**78. प्रतिशतता के आधार पर वायुमंडल में सर्वाधिक पाई जाने वाली गैस कौन-सी है?**

(a) नाइट्रोजन (b) ऑक्सीजन
(c) हाइड्रोजन (d) कार्बन डाइऑक्साइड

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – पृथ्वी के चारो ओर से घिरे वायु के विस्तृत फैलाव को वायुमण्डल कहते हैं। वायुमण्डल की ऊपरी परत के अध्ययन को वायु विज्ञान एवं निचली परत के अध्ययन को ऋतु विज्ञान कहते हैं। आयतन के अनुसार वायुमण्डल में विभिन्न गैसों का मिश्रण इस प्रकार है–नाइट्रोजन 78.07%, ऑक्सीजन 20.93%, कार्बन डाईऑक्साइड 0.03% एवं आर्गन 0.93% ।

**79. निम्नलिखित में से किस कार्य से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ता है?**

(a) लकड़ी काटना (b) सामाजिक वानिकी
(c) वन-महोत्सव (d) वनरोपण

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – वनोन्मूलन या पेड़ों को काटने से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ता है, जबकि वनरोपण, सामाजिक वानिकी इत्यादि कारक पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने में सहायक होते हैं।

**80. पारिस्थितिकी निम्नलिखित के बीच पारस्परिक सम्बन्धों का अध्ययन है –**

(a) जीव और वातावरण (b) मनुष्य और वन
(c) मृदा और जल (d) पति और पत्नी

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – पारिस्थितिकी को सर्वप्रथम परिभाषित और विस्तृत अध्ययन करने का श्रेय जर्मन जीव वैज्ञानिक अर्नेस्ट हैकेल को प्राप्त है। उनके अनुसार ''वातावरण और जीव समुदाय के मध्य पारस्परिक संबंधों के अध्ययन को पारिस्थितिकी कहते हैं।'' इससे जीव एवं उनके स्थान के संपूर्ण जैविक-अजैविक संघटकों के अध्ययन का बोध होता है। इतना ही नहीं बल्कि इनके अंतर्सम्बन्धों की जटिल प्रक्रिया की ओर भी संकेत मिलता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

81. **मृदाक्षरण को रोका जा सकता है –**

(a) सघन वर्षा से (b) वनो के विनाश से
(c) वनरोपण से (d) अतिचारण से

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – वृक्षारोपण, वनस्पतियों विशेष रूप से अधिक गहरी जड़ों वाली झाड़ियों को उगाकर पशुओं को चराए जाने से रोककर, नदियों पर छोटे-छोटे बाँध बनाकर, शस्यावर्तन, स्थानान्तरित कृषि को प्रतिबंधित करके, ढलान वाले क्षेत्रों में समोच्च रेखीय जुताई, पर्वतीय क्षेत्रों में सीढ़ीदार खेती, पवन की दिशा में समकोणीय जुताई आदि के द्वारा मृदा अपरदन/क्षरण को रोका जा सकता है।

82. **लखनऊ जिले की सीमा निम्नलिखित में से किस जिले की सीमा को स्पर्श नहीं करती है?**

(a) बलिया (b) उन्नाव
(c) हरदोई (d) बाराबंकी

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – लखनऊ जिले की सीमा हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली तथा उन्नाव आदि जिलों की सीमाओं को स्पर्श करती है।

83. **निम्नलिखित झीलों में से कौन-सी एक विश्व धरोहर स्थल है?**

(a) बोलीविया का रेड लैगून
(b) डोमिनिका की बॉयलिंग झील
(c) चीन का फाइव फ्लावर झील
(d) क्रोएशिया की प्लिटविस झील

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – डोमिनिका की बॉयलिंग झील राष्ट्रीय पार्क को यूनेस्को द्वारा सन् 1979 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

84. **'एजेंडा-21' किस क्षेत्र से सम्बन्धित है?**

(a) सतत विकास
(b) परमाणु निःशस्त्रीकरण
(c) पेटेंट संरक्षण
(d) कृषि-सम्बन्धी परिदान

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – 'एजेंडा-21' संयुक्त राष्ट्र संघ की 'सतत विकास' से संबंधित एक योजना है। वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन के दौरान 'एजेंडा-21' कार्य योजना को मूर्त रूप प्रदान किया गया। यह सतत/टिकाऊ विकास के संबंध में संयुक्त राष्ट्र की एक गैर-बाध्यकारी कार्य योजना है।

## प्रादेशिक सामान्य-ज्ञान

85. **'जनरथ' नाम दिया गया है –**

(a) उत्तर प्रदेश में ग्रामीण संचार को बढ़ावा देने के लिए
(b) देश में यातायात सुविधाओं को बढ़ाने के लिए
(c) भारत सरकार द्वारा भारत तथा बांग्लादेश के मध्य बस सेवा को प्रारम्भ करने के लिए
(d) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रारम्भ किये गये निम्न लागत ए. सी. बस सेवा को

**उत्तर–(d)**

**व्याख्या** – पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की गरीब रथ रेल की तर्ज पर उत्तर प्रदेश की पूर्व अखिलेश सरकार ने जन रथ साधारण एसी बस चलाने का फैसला लिया था। जनरथ एसी बस का किराया साधारण बसों की अपेक्षा मात्र डेढ़ गुना रखा गया, ताकि यात्रियों को काफी सहूलियतें मिल सकें।

86. **वर्ष 2013 के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) उत्तर प्रदेश में जन्मदर (प्रति 1000 जनसंख्या पर) भारत की जन्मदर से कम थी
(b) उत्तर प्रदेश में जन्मदर (प्रति 1000 जनसंख्या पर) भारत की जन्म दर से अधिक थी
(c) उत्तर प्रदेश में जन्म दर 25 से अधिक थी
(d) उत्तर प्रदेश में जन्मदर 30 से कम थी

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – जन्मदर प्रति 1000 जनसंख्या पर पैदा होने वाले जीवित बच्चों की संख्या इंगित करता है। 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश का जन्मदर 27 है जबकि पूरे भारत की जन्मदर 21 है। अतः उत्तर प्रदेश की जन्मदर भारत की जन्मदर से अधिक थी। SRS बुलेटिन 2022 के अनुसार वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश की जन्मदर 25.1 है जबकि पूरे भारत की जन्मदर 19.5 है।

87. **उत्तर प्रदेश सरकार ने अभी हाल ही में वर्ष 2015-16 को किस रूप में मनाने का निर्णय लिया है?**

(a) युवा वर्ष (b) महिला सुरक्षा वर्ष
(c) किसान वर्ष (d) पर्यावरण संरक्षण वर्ष

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2015-16 को 'किसान वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

88. **उत्तर प्रदेश सरकार की आय का सबसे बड़ा भाग आता है –**

(a) पंजीकरण शुल्क से
(b) व्यापार-कर से
(c) भूमि-राजस्व से
(d) संघीय एक्साइज ड्यूटी के हिस्से से

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – प्रश्नकाल में उत्तर प्रदेश सरकार की आय का सबसे बड़ा स्रोत व्यापार कर था। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की करों से होने वाली आय का सबसे बड़ा भाग (S.G.S.T.) स्वयं का कर राजस्व 38.8% से आता है।

89. **उत्तर प्रदेश में 'नॉलेज पार्क' की स्थापना की जा रही है –**

(a) वाराणसी में (b) नोएडा में
(c) लखनऊ में (d) ग्रेटर नोएडा में

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण संस्थागत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'नॉलेज पार्क' की स्थापना की जा रही है।

90. **उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् स्थित है –**

(a) मेरठ में (b) बुलन्दशहर में
(c) लखनऊ में (d) गोरखपुर में

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ में स्थित है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

91. **उत्तर प्रदेश में आलू का अनुसंधान केंद्र किस जिला में स्थित है?**

(a) फर्रूखाबाद (b) मेरठ
(c) कानपुर (d) इलाहाबाद

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – उत्तर प्रदेश में आलू का अनुसंधान केंद्र मोदीपुरम्, मेरठ में स्थित है।

92. **उत्तर प्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ाने में कौन-सा कारक सबसे अधिक प्रभावी है?**

(a) उन्नत किस्म के बीजों का बढ़ता प्रयोग
(b) कृषि-सेवा केंद्रों का विकास
(c) कृषि साख सुविधा
(d) किसान क्रेडिट कार्ड योजना

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – कृषि उत्पादन को बढ़ाने में सबसे अधिक प्रभावी कारक उन्नत किस्म के बीजों का प्रयोग है।

93. **उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न शहरों में मेट्रो रेल चलाने का निर्णय किया है। उस सूची में निम्नलिखित शहरों में से किसका स्थान नहीं है?**

(a) कानपुर (b) इलाहाबाद
(c) आगरा (d) वाराणसी

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – लखनऊ में प्रस्तावित मेट्रो रेल परियोजना को हरी झंडी देने के बाद उ. प्र. सरकार ने प्रदेश के चार अन्य जनपदों - मेरठ, कानपुर, आगरा और वाराणसी में भी जल्द ही मेट्रो रेल परियोजना को शुरू करने का निर्णय लिया है। ध्यातव्य हो कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा 2 सितम्बर, 2015 को इलाहाबाद में मेट्रो रेल चलाने की घोषणा की गई, जबकि यह प्रश्न 2014 में पूछा गया है। अतः उत्तर (b) ही होगा।

94. **उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एन. सी. जेड. सी. सी.) चैती और कजरी केंद्रों का आयोजन किस शहर में करेगा?**

(a) मिरजापुर (मिर्जापुर) (b) भोजपुर
(c) मथुरा (d) वाराणसी

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – प्रश्नकाल के दौरान उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (इलाहाबाद) चैती और कजरी केंद्रों का आयोजन वाराणसी में किया गया था।

## तर्कशक्ति परीक्षण

95. **यदि 10 और 50 के मध्य एक अभाज्य संख्या इस प्रकार है कि उसके अंकों को आपस में बदलने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, तो उस संख्या का वर्ग है –**

(a) 121 (b) 484
(c) 1089 (d) 1936

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – यदि 10 और 50 के मध्य केवल 11, ही ऐसी अभाज्य संख्या है जिनके अंकों को आपस में बदलने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। किन्तु इसमें केवल 11 ही अभाज्य संख्या है।

$11^2 = 11 \times 11 = 121$

96. **अक्षर श्रृंखला**


A R E N I J M ?

**में लुप्त अक्षर है –**

(a) V (b) H
(c) G (d) F

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या –**




97. **यदि शब्द `MATHEMATICS' में M को P से, A को D से, T को W से और इसी प्रकार अन्य को बदल दिया जाए, तो नवीन अक्षर श्रृंखला का 9वाँ अक्षर होगा –**

(a) K (b) L
(c) F (d) W

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – यदि शब्द 'MATHEMATICS' में M को P से, A को D से, T को W से और इसी प्रकार अन्य को बदल दिया जाए, तो नवीन अक्षर शृंखला का 9वां अक्षर होगा

M $\xrightarrow{+3}$ P, A $\xrightarrow{+3}$ D, T $\xrightarrow{+3}$ W, H $\xrightarrow{+3}$ K, E $\xrightarrow{+3}$ H
I $\xrightarrow{+3}$ L, C $\xrightarrow{+3}$ F, S $\xrightarrow{+3}$ V

नई शृंखला = 1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11

PDWKH PDWL F V

= 9वें स्थान पर L आयेगा

98. **बॉक्स में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या होगी –**

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 |
| 9 | 6 | 4 |
| 36 | 36 | ? |

(a) 40 (b) 32
(c) 36 (d) 42

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या –**

5 7 9
9 6 4
36 36 ?

$5 \times 9 - 9 = 36, 7 \times 6 - 6 = 36, 9 \times 4 - 4 = 32$

99. **राम उत्तर-पश्चिम 4 किमी. पैदल चलता है और फिर 3 किमी. दक्षिण-पश्चिम जाता है। प्रस्थान बिन्दु से वह कितनी दूरी पर है?**




GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) 12 किमी. (b) 7 किमी.
(c) 6 किमी. (d) 5 किमी.

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या –** राम के जाने का मार्ग




प्रस्थान बिंदु से राम उत्तर पश्चिम अर्थात् AO = 4 किमी. दूरी तय करता है।

पुनः दक्षिण पश्चिम में OC = 3 किमी. दूरी तय करता है।

प्रसथान बिंदु से राम की दूरी AC = ?

$AC^2 = OA^2 + OC^2 \Rightarrow AC = \sqrt{OA^2 + OC^2}$

$\Rightarrow AC = \sqrt{4^2 + 3^2} = \sqrt{25} = 5$ किमी.

**100. एक समय में केवल एक अक्षर परिवर्तित करते हुए कितने न्यूनतम चरणों में शब्द `LOCK' को `BANK' में बदला जा सकता है? प्रत्येक परिवर्तन में एक सार्थक शब्द बनना चाहिए।**

(a) 6 (b) 5
(c) 4 (d) 3

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या –** Step-1 LOCK | O $\xrightarrow[\text{by}]{\text{Replace}}$ A | LACK

Step-2 LACK | L $\xrightarrow[\text{by}]{\text{Replace}}$ B | BACK

Step-3 BACK | C $\xrightarrow[\text{by}]{\text{Replace}}$ N | BANK

3 चरण

**101. यदि एक दर्पण में देखने पर किसी घड़ी में समय 9 बजकर 30 मिनट प्रतीत होता है, तो सही समय है –**

(a) 2 : 30 (b) 4 : 30
(c) 6 : 30 (d) 6 : 10

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या –** यदि एक दर्पण में देखने पर किसी घड़ी में समय 9 बजकर 30 मिनट प्रतीत होता है तो सही समय है –

सही समय ज्ञात करने के लिए 12.00 में हो 9 : 30 को घटायेंगे

12.00 – 9.30 = 2.30 **उत्तर**

**102. निम्नलिखित बॉक्स में लुप्त संख्या कौन-सी है?**

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 17 | 9 |
| 3 | 21 | 7 |
| 7 | 16 | 8 |
| 6 | 10 | ? |

(a) 10 (b) 12
(c) 15 (d) 16

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या –**

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 17 | 9 |
| 3 | 21 | 7 |
| 7 | 16 | 8 |
| 6 | 10 | ? |

5 + 17 + 9 = 31, 21 + 3 + 7 = 31

7 + 16 + 8 = 31, 6 + 10 + ? = 31 ⇒ ? = 31 – 16 = 15

## गणित

**103. 2000 के $\frac{2}{5}$ के 50% का 40% होगा –**

(a) 400 (b) 360
(c) 200 (d) 160

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या –** 2000 का $\frac{2}{5} = 2000 \times \frac{2}{5} = 800$

800 का 50% = $800 \times \frac{50}{100} = 400$

400 र 40% = $400 \times \frac{40}{100} =$ **160**

**104. $\frac{9}{13}, \frac{17}{26}, \frac{28}{39}$ और $\frac{33}{52}$ में सबसे बड़ा भिन्न है –**

(a) $\frac{9}{13}$ (b) $\frac{17}{26}$
(c) $\frac{28}{29}$ (d) $\frac{33}{52}$

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या –**

13, 26, 39, 52 का ल.स. = 52 × 3 = 156

$\Rightarrow \frac{12\times9}{156}, \frac{17\times6}{156}, \frac{28\times4}{156}, \frac{33\times3}{156}$

$\Rightarrow \frac{108}{156}, \frac{102}{156}, \frac{112}{156}, \frac{99}{156}$ अतः $\frac{28}{39}$ सबसे बड़ी भिन्न है।

**105. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह अन्य से भिन्न है?**

(a) 3, 11, 13, 17 (b) 7, 14, 18, 37
(c) 3, 5, 41, 47 (d) 3, 7, 17, 71

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या –**

3, 11, 13, 17 , 3, 5, 41, 47 , 3, 7, 17, 71

में सभी विषम अभाज्य संख्याएं है, जबकि 7, 14, 18, 37 में 14, 18 दो सम तथा भाज्य संख्याएं हैं।

**106. –100 को विभाजित करने वाली प्राकृत संख्याओं का योग है –**

(a) 116 (b) 117
(c) 216 (d) 217

**उत्तर** – (d)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या –** 100 को विभाजित करने वाली प्राकृत संख्याएं

1, 2, 4, 5, 10, 20, 25, 50, 100

संख्याओं का योग = 1+2+4+5+10+20+25+50 + 100 = 217

**107. + और ÷ तथा 2 और 5 को आपस में बदलते हुए 8 + 4 × 5 + 2 – 3 का मान ज्ञात कीजिए।**

(a) 2 (b) 4

(c) 6 (d) 8

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या –** $8 \div 4 \times 2 + 5 - 3$

$\Rightarrow 2 \times 2 + 5 - 3$

$4 + 5 - 3$

$9 - 3 = 6$

**108. अनुक्रम**

XBZ, VDY, TFX, RHW, ?


**में अगला पद है –**

(a) PLT (b) PJV

(c) PJT (d) PLV

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या –**




**109. यदि किसी आयताकार क्षेत्र की लम्बाई 50% बढ़ा दी जाए तथा चौड़ाई 20% बढ़ा दी जाए, तो उसका क्षेत्रफल हो जाएगा –**

(a) $\frac{5}{9}$ गुना (b) $\frac{5}{3}$ गुना

(c) $\frac{9}{5}$ गुना (d) 3 गुना

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या –** माना आयत की लम्बाई = x, चौड़ाई = y

आयत का क्षेत्रफल = xy

आयत की लम्बाई प्रश्नानुसार बढ़ाने पर

$$= x + x \times \frac{50}{100} = x + \frac{x}{2} = \frac{2x + x}{2} = \frac{3x}{2}$$

आयतकी चौड़ाई प्रश्नानुसार बढ़ाने पर

$$= y + y \times \frac{20}{100} = y + \frac{y}{5} = \frac{5y + y}{5} = \frac{6y}{5}$$

नया क्षेत्रफल $= \frac{3x}{2} \times \frac{6y}{5} = \frac{18xy}{10} = \frac{9xy}{5}$ **उत्तर** $= \frac{9}{5}$

**110. यदि 5, 10, 15 तथा X का औसत 20 है, तो X का मान कितना है?**

(a) 20 (b) 25

(c) 45 (d) 50

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या –** 5, 10, 15 तथा x का औसत 20 है तो x का मान

$$= \frac{5 + 10 + 15 + x}{4} = 20$$

$30 + x = 80 \Rightarrow x = 80 - 30 = 50$

## समसामयिकी

**111. 'स्टॉकहोम जल पुरस्कार, 2015' के विजेता राजेन्द्र सिंह किस गैर-सरकारी संगठन के साथ जुड़े हुए हैं?**

(a) बंधन (b) तरुण भारत संघ

(c) पानी बचाओ (सेव वाटर) (d) बूँद

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – राजेन्द्र सिंह (जन्म : 6 अगस्त, 1959) भारत के प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता हैं। वे जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रसिद्ध हैं। उन्हें सामुदायिक नेतृत्व के लिए वर्ष 2011 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त हुआ था। वे 'तरुण भारत संघ' नामक एक गैर-सरकारी संगठन चलाते हैं, जिसकी स्थापना उन्होंने वर्ष 1975 में की थी। वर्ष 2023 का स्टॉकहोम जल पुरस्कार वेनेजिया (वेनिस), इटली के जल विज्ञानी प्रो. एंड्रिया रिनाल्डो को नंदी नेटवर्क पर उनके शोध के लिए दिया गया है।

**112. 2016 में आयोजित होने वाले आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सातवें एशियाई मंत्रीस्तरीय सम्मेलन की मेजबानी कौन करेगा?**

(a) पाकिस्तान (b) थाईलैण्ड

(c) म्यांमार (d) भारत

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – सातवें आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर एशियाई मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का आयोजन संयुक्त राष्ट्र संघ के आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय के सहयोग से वर्ष 2016 में भारत में किया गया। हाल में आपदा जोखिक न्यूनीकरण के लिए वैश्विक मंच 2022 (GP DRR 2022) इंडोनेशिया में आयोजित किया गया। जिसकी थीम थी - जोखिम से लचीलापन तक कोविड-19 परिवर्तित दुनिया में सभी हेतु सतत विकास की ओर।

**113. पुलिस, सुरक्षा और आपराधिक न्याय पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय के सहयोग से इण्डिया फाउंडेशन द्वारा प्रथम आतंकवाद-विरोधी सम्मेलन, 2015 कहाँ आयोजित किया गया?**

(a) जयपुर (b) जोधपुर

(c) उदयपुर (d) रावतभाटा

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 19 से 21 मार्च, 2015 के दौरान 'प्रथम अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन' का आयोजन जयपुर (राजस्थान) में किया गया। यह सम्मेलन इण्डिया फाउण्डेशन (नई दिल्ली) द्वारा सरदार पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ पुलिस सिक्योरिटी एण्ड क्रिमिनल जस्टिस,



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

जोधपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। वर्ष 2016 में द्वितीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन भी जयपुर में तथा इस प्रकार का तीसरा सम्मेलन मार्च, 2017 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

**114. निम्नलिखित किस राज्य ने राज्य पक्षी के रूप में 'घरेलू गौरैया' की घोषणा की है?**

(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) दिल्ली (d) राजस्थान

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – दिल्ली राज्य की तात्कालीन मुख्यमंत्री स्व. शीला दीक्षित द्वारा वर्ष 2012 में 'घरेलू गौरैया' को राज्य पक्षी घोषित किया गया।

**115. प्रसिद्ध व्यक्तित्व यूसुफ अली केचेरी का निधन हो गया है। वे प्रसिद्ध थे –**

(a) तेलुगू कवि के रूप में
(b) उर्दू कवि के रूप में
(c) मलयालम कवि के रूप में
(d) मराठी कवि के रूप में

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – यूसुफ अली केचेरी (16 मई, 1934 – 21 मार्च, 2015) एक मलयालम कवि, फिल्मी गीतकार, फिल्म निर्माता और निर्देशक थे। इनका जन्म केरल प्रान्त के त्रिसूर जिले में हुआ था।

**116. प्रसिद्ध व्यक्तित्व लिया वैन लीर का हाल ही में निधन हो गया है। वह थीं –**

(a) इटालियन सिनेमा की अग्रदूत
(b) इजराइली सिनेमा की अग्रदूत
(c) इजराइली सिनेमा की अग्रदूत
(d) एक छायाकार

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – 13 मार्च, 2015 को इजरायल सिनेमा की अग्रदूत लिया वैन लीर का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे इजरायल फिल्म अभिलेखागार, यरूशलेम सिनेमाथिक, हाइफा सिनेमाथिक और यरूशलेम फिल्म महोत्सव की संस्थापक थीं।

**117. श्रीरामायण महान्वेषणम् पुस्तक किसने लिखी है?**

(a) पी. के. वर्मा (b) विनोद मेहता
(c) शशी थरूर (d) एम. वीरप्पा मोइली

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – वर्ष 2014 का सरस्वती सम्मान कन्नड़ लेखक और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. एम. वीरप्पा मोइली को उनके गद्यकाव्य 'श्री रामायण महान्वेषणम्' के लिए दिया गया। पुरस्कारस्वरूप 15 लाख रु. की धनराशि, प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाता है। हिंदी भाषा के चर्चित साहित्यकार प्रो. रामदरश मिश्र को वर्ष 2021 का (31वां) पुरस्कार 4 अप्रैल, 2022 को उनके कविता संग्रह ''मै तो यहां हूं'' के लिए दिया गया।

**118. 'सोलर इम्पल्स-2' क्या है?**

(a) सौर ऊर्जा-चालित मोबाइल फोन
(b) सौर ऊर्जा-चालित मिसाइल
(c) सौर ऊर्जा-चालित पनडुब्बी
(d) सौर ऊर्जा-चालित विमान

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** –Solar Impulse-2 एक यूरोपीय (स्विट्जरलैण्ड) लम्बी दूरी की सौर ऊर्जा से चालित विमान परियोजना है। सौर ऊर्जा से चालित यह पहला विमान है जिसका स्विस विमान पंजीकरण कूट HB-SIB है, एकल सीट वाला विमान और यह अपनी ही शक्ति से उड़ान भरने और लगातार 36 घंटे तक हवा में उड़ते रहने में सक्षम है।

**119. किस राज्य ने लड़कियों के लिए 'भाग्यश्री' योजना को प्रारम्भ किया है?**

(a) दिल्ली (b) पंजाब
(c) महाराष्ट्र (d) हरियाणा

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – 8 मार्च, 2015 को महाराष्ट्र सरकार ने कन्याओं के लिए 'भाग्यश्री योजना' को प्रारम्भ किया है। इसके अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों में जन्म लेने वाली बच्चियों के नाम से बैंक खाता खुलवाकर उसमें 21,200 रु. राज्य सरकार जमा करेगी। जो बच्ची के वयस्क होने के उपरांत 1 लाख रु. के रूप में प्राप्त होगी।

**120. 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम का लोगो है –**

(a) शेर (b) हाथी
(c) चीता (d) कंगारू

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – 'मेक इन इंडिया' भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी कार्य योजना है जिसके अंतर्गत विश्व के विभिन्न देशों की कंपनियों को भारत में आकर निर्बाध एवं सुचारू रूप से अपने उत्पादों को उत्पादित करने हेतु आमंत्रित करना है। इस कार्य योजना का शुभारम्भ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 25 सितंबर, 2014 को किया गया। इस कार्यक्रम का लोगो 'शेर' है।

**121. 2015-16 में संघ सरकार के बजट में निम्नलिखित में से कौन-सी पेन्शन योजना को पुनः प्रारम्भ किया गया है?**

(a) राम मनोहर लोहिया पेन्शन योजना
(b) प्रधानमंत्री पेन्शन योजना
(c) अटल पेन्शन योजना
(d) निरंतर पेन्शन योजना

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – केन्द्र सरकार ने 1 जून, 2015 से 'अटल पेंशन योजना' को लागू किया है। इस योजना का क्रियान्वयन 'पेंशन फण्ड रेग्यूरेटरी एण्ड डेवलपमेंट अथॉरिटी' द्वारा किया जाएगा। इस योजना के तहत 18-40 वर्ष की आयु के बीच कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है। यह योजना पूर्व 'एनडीए' सरकार की 'स्वावलम्बन योजना' की जगह प्रस्तुत की गयी है।

**122. वर्ष 2014 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार इनमें से किनको प्रदान किया गया?**

(a) गुलजार (b) शशी कपूर
(c) प्राण (d) लता मंगेशकर

**उत्तर** – (b)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**व्याख्या** – वर्ष 2014 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता एवं निर्माता शशी कपूर को दिया गया। वर्ष 2022 का दादा साहब फाल्के पुरस्कार मशहूर अभिनेत्री आशा पारेख को दिया गया।

**123. 'प्रधानमंत्री जन-धन योजना' के लिए निम्नलिखित में से क्या सत्य है?**

| | दुर्घटना बीमा (रु.) | जीवन बीमा (रु.) |
|---|---|---|
| (a) | 1,00,000 | 30,000 |
| (b) | 30,000 | 1,00,000 |
| (c) | 30,000 | 10,000 |
| (d) | 1,30,000 | 1,00,000 |

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – प्रधानमंत्री जन धन योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 28 अगस्त, 2014 को एक 'वित्तीय समावेशन' के तहत किया गया, जिसके तहत 1 लाख का दुर्घटना बीमा व 30 हजार रुपये के जीवन बीमा का प्रावधान किया गया है।

**124. महात्मा गाँधी की ऐतिहासिक प्रतिमा का अनावरण किस देश की संसद चौक (पार्लियामेन्ट स्क्वायर) में किया गया है?**

(a) जापान (b) यू. एस. ए.
(c) ब्रिटेन (d) फ्रांस

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – 14 मार्च, 2015 को तात्कालीन वित्त मंत्री स्व. अरुण जेटली व ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने ब्रिटिश संसद के सामने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 9 फुट काँसे की प्रतिमा का अनावरण किया। महात्मा गाँधी पहले भारतीय हैं जिनकी मूर्ति लंदन के पार्लियामेण्ट स्क्वायर में स्थापित की गई है।

**125. 'टाइम्स की विश्व प्रतिष्ठित रैंकिंग, 2015' में कौन-सा विश्वविद्यालय शीर्ष पर रहा है?**

(a) कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
(b) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
(c) हार्वर्ड विश्वविद्यालय
(d) स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – टाइम्स की विश्व प्रतिष्ठित रैंकिंग 2015 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय (सं. रा. अमेरिका) शीर्ष पर रहा है।

**टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023-**

1. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय (यूके)
2. हावर्ड यूनिवर्सिटी (यूएसए)
3. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (यूके)

**126. 'नैना' नाम से नया शहर निम्नलिखित हवाई-अड्डों में से किसके पास स्थापित किया जायेगा?**

(a) इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा, नई दिल्ली
(b) राजीव गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा, हैदराबाद
(c) नवी मुम्बई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डा, मुम्बई
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – 600 वर्ग किमी. से अधिक क्षेत्र वाला शहर नैना जो कि नवी मुम्बई हवाई अड्डे के पास स्थित है।

**NAINA-** Navi Mumbai Airport Infuluence Notified Area

**127. गार्जियन समाचार-पत्र के एडिटर-इन-चीफ के रूप में इनमें से किसे नियुक्त किया गया है?**

(a) चोरिल कोल (b) कैथरीन वाइनर
(c) जोया विंसेंट (d) सामन्था राइस

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – वर्ष, 2015 में कैथरीन वाइनर को गार्जियन समाचार पत्र ने अपना मुख्य सम्पादक नियुक्त किया था। पुलित्जर पुरस्कार प्राप्त 'द गार्जियन' अखबार के 194 वर्ष के इतिहास में यह पद धारण करने वाली सुश्री वाइनर पहली महिला हैं।

**128. केंद्र सरकार का 'मिशन इन्द्रधनुष' किससे सम्बन्धित है?**

(a) दलहन उत्पादन
(b) सात टीका-निवारणीय रोगों के खिलाफ बच्चों का टीकाकरण
(c) कौशल विकास
(d) पर्यटन संवर्धन

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – 25 दिसम्बर, 2014 को मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके तहत उन सभी बच्चों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है जिनका या तो आंशिक रूप से टीकाकरण हुआ है या जिन्हें टीका लगाया ही न गया हो। इस मिशन के तहत् 7 टीका लगाने का प्रावधान है। ये हैं – हेपेटाइटिस बी, डिप्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस, पोलियो, टी.बी. और खसरा।

**129. प्रतिष्ठित 'टायलर पुरस्कार' किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?**

(a) नाटक
(b) महिलाओं का अधिकार
(c) बच्चों का अधिकार
(d) पर्यावरण सुरक्षा

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – प्रतिष्ठित टायलर पुरस्कार पर्यावरण सुरक्षा के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। वर्ष 2023 का टायलर पुरस्कार डेनियल पॉल एवं राशिद सुमाइला को प्रदान किया गया है।

**130. सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णय (फैसले) के अनुसार, आई. टी. अधिनियम की धारा 66A किसका उल्लंघन करती है?**

(a) अनुच्छेद-20 (b) अनुच्छेद-19(1)
(c) अनुच्छेद-14 (d) अनुच्छेद-25

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – सर्वोच्च न्यायालय के हाल के प्रमुख वाद-श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ वाद के निर्णय के अनुसार आई. टी. अधिनियम की धारा 66A, वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अनुच्छेद-19 (1) का उल्लंघन करती है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**131. हाल ही में खाद्य संसाधन के लिए स्वीकृत 17 मेगा फूड पार्कों में से कितने राज्य एजेंसियों को आवंटित किए गए हैं?**

(a) 7 (b) 10
(c) 11 (d) 13

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – मार्च, 2015 में केंद्र सरकार ने खाद्य संसाधन के लिए स्वीकृत 17 मेगा फूड पार्कों में से 7 मेगाफूड पार्कों को राज्य एजेंसियों को और शेष 10 मेगा फूड पार्कों को 11 राज्यों में निजी क्षेत्र को आवंटित करने की घोषणा की थी।

## विविधा

**132. इन्डियन पार्लियामेंट्री डिप्लोमेसी–स्पीकर्स पर्स्पेक्टिव नामक पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?**

(a) मीरा कुमार (b) सुमित्रा महाजन
(c) बी. एस. शेखावत (d) सोमनाथ चटर्जी

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – दिनांक 15 मार्च, 2015 को राष्ट्रपति भवन में एक सादे समारोह में राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'इंडियन पार्लियामेंट्री डिप्लोमेसी-स्पीकर्स पर्स्पेक्टिव' का विमोचन किया गया था।

**133. निम्नलिखित में से कौन-सी बहुउद्देशीय संस्थाएँ भारत में कार्यरत हैं?**

1. हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड
2. सैमसंग कॉर्पोरेशन
3. गेस्ट कीन एण्ड विलियम्स फार्मा
4. एल. जी.

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर अपना उत्तर दीजिए।**

**कूट :**

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1 और 3

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – दिए विकल्पों में सैमसंग तथा एल. जी. कॉर्पोरेशन भारत में कार्यरत हैं।

**134. मेघालय का लोकनृत्य है –**

(a) नाटी (b) लोहो
(c) बम्बू नृत्य (d) खानटुम

**उत्तर** – (b)

**व्याख्या** – मेघालय की जयंतिया जनजाति में प्रचलित लोकनृत्य लोहो या लाहो है। नाटी हिमाचल प्रदेश का, बम्बू नृत्य मिजोरम का तथा खानटुम या खन्तुम नृत्य महाराष्ट्र का है।

**135. केंद्रीय औषधीय एवं सुगंधित पौधों का अनुसंधान संस्थान स्थित है –**

(a) चित्रकूट में (b) सहारनपुर में
(c) कानपुर में (d) लखनऊ में

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – केंद्रीय औषधीय एवं सुगंधित पौधों का अनुसंधान संस्थान लखनऊ में स्थित है।

**136. किसी फार्म के चल लागत पूँजी में निम्नलिखित में से क्या शामिल नहीं है?**

(a) बीज (b) उर्वरक
(c) सिंचाई जल (d) भूमि-राजस्व

**उत्तर** – (d)

**व्याख्या** – किसी फार्म के चल लागत पूँजी में भूमि राजस्व को शामिल नहीं किया जाता है। चल लागत पूंजी के अन्तर्गत कच्चा माल, अस्थाई श्रमिक आदि आते हैं।

**137. भारत में किसने आमदनी पर कर की शुरुआत की थी?**

(a) सर चार्ल्स वुड (b) लॉर्ड मैकेहेल
(c) जेम्स विल्सन (d) विलियम जोन्स

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – भारत में आमदनी पर कर की शुरुआत सन् 1860 में ब्रिटिश अर्थशास्त्री जेम्स विल्सन ने की थी।

**138. लखनऊ बॉय पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई?**

(a) कुलदीप नायर
(b) मुजफ्फर अली
(c) विनोद मेहता
(d) नुरूल हसन

**उत्तर** – (c)

**व्याख्या** – 'लखनऊ ब्वॉय' प्रसिद्ध पत्रकार विनोद मेहता द्वारा लिखी गई पुस्तक है।

**139. निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान ने वन्य जीव प्रबन्धन के लिए ड्रोन या मानव-रहित हवाई वाहन का उपयोग करना प्रारम्भ कर दिया है?**

(a) बाँदीपुर टाइगर रिजर्व
(b) कार्बेट टाइगर रिजर्व
(c) रणथम्भोर टाइगर रिजर्व
(d) पेरियार टाइगर रिजर्व

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – बाँदीपुर टाइगर रिजर्व ने मार्च, 2015 में वन्य जीव प्रबंधन के लिए ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहन का प्रयोग करना प्रारम्भ किया।

**140. 'मीठी-विरदी' परमाणु ऊर्जा संयंत्र निम्नलिखित में से किस देश के सहयोग से स्थापित किया जाएगा?**

(a) यू. एस. ए. (b) कनाडा
(c) रूस (d) फ्रांस

**उत्तर** – (a)

**व्याख्या** – गुजरात के भावनगर जिले में मीठी-विरदी में स्थापित होने वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र को अब अधिकारिक तौर पर आन्ध्र प्रदेश के कोवाडा में स्थानांतरित कर दिया गया है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग से स्थापित किया जायेगा।

| ऊर्जा संयंत्र | प्रदेश | सहयोगी देश |
|---|---|---|
| कुडनकुलम | तमिलनाडु | रूस |
| जैतपुर | महाराष्ट्र | फ्रांस |
| कोवाडा | आंध्र प्रदेश | यूएसए |
| हरिपुर | पश्चिम बंगाल | रूस |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारा (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2014
# सामान्य हिन्दी
## हल प्रश्न-पत्र

## पर्यायवाची

**1. कौन-सा शब्द 'घोड़ा' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) बाजि (b) तुरंग (c) शार्दूल (d) हय
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** शार्दूल शब्द घोड़ा का पर्यायवाची नहीं है, जबकि बाजि, तुरंग और हय घोड़ा के पर्यायवाची शब्द हैं। शार्दूल का पर्याय सिंह होता है। शार्दूल के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- मृगराज, केशी, नाहर, केहरी आदि।

**2. 'मीनाक्षी' का पर्यायवाची शब्द है –**
(a) सुन्दरी (b) दुर्गा (c) मछली (d) लक्ष्मी
**उत्तर-(a & b)**

**व्याख्या –** मीनाक्षी का पर्यायवाची शब्द सुन्दरी तथा दुर्गा दोनों होता है। मीनाक्षी का आशय मीन की तरह आंख वाली होता है। **नोट -** आयोग ने इसका उत्तर (a) और (b) अर्थात सुन्दरी और दुर्गा दोनों को माना है।

**3. कौन-सा शब्द 'नाग' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) सर्प (b) अहि (c) विषधर (d) तुरंग
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** नाग का पर्यायवाची शब्द तुरंग नहीं है। तुरंग का पर्याय घोड़ा होता है। तुरंग के अन्य पर्याय–अश्व, घोटक, हय, वाजि, रविसुत, सैंधव आदि। जबकि सर्प, अहि और विषधर नाग के पर्याय हैं।

**4. कौन-सा शब्द 'दैत्य' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) राक्षस (b) दानव (c) भूसुर (d) निशाचर
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** दिये गये विकल्पों में दैत्य का पर्याय भूसुर नहीं होता है, जबकि अन्य तीनों विकल्प दैत्य के पर्याय हैं। भूसूर का पर्याय ब्राह्मण होता है। भूसर के अन्य पर्यायवाची शब्द–द्विज, महीसुर, भूदेव, विप्र आदि हैं।

**5. 'रुख' का पर्यायवाची शब्द है –**
(a) विटप (b) प्रसून (c) तड़का (d) हेरम्ब
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या -** रुख का पर्यायवाची शब्द विटप होता है। रुख का अन्य पर्यायवाची शब्द है – वृक्ष, पेड़, द्रुम, पादप, विटप आदि। हेरम्ब गणेश का पर्यायवाची शब्द है।
**नोट –** इस प्रश्न को आयोग ने हटा दिया है।

**6. कौन-सा शब्द 'ब्रह्मा' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) कमलासन (b) चतुरानन (c) चतुर्मुख (d) चतुर्भुज
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** उक्त विकल्पों में ब्रह्मा का पर्यायवाची चतुर्भुज नहीं है। चतुर्भुज का पर्याय विष्णु होता है। **विष्णु** के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – नारायण, हरि, चक्रपाणि, मुकुन्द, जनार्दन, गोविन्द, लक्ष्मीपति आदि। **ब्रह्मा** का पर्यायवाची शब्द है–कमलासन, चतुर्भुज, विरंचि, पितामह, चतुरानन, प्रजापति, स्वयंभू आदि।

**7. कौन-सा शब्द 'भ्रमर' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) शलभ (b) चंचरीक (c) शिलीमुख (d) मिलिन्द
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या –** 'शलभ' भ्रमर का पर्यापवाची शब्द नहीं है। भ्रमर के पर्यायवाची हैं– चंचरीक, अलि, मिलिन्द, शिलीमुख, सारंग इत्यादि। जबकि 'शलभ' का पर्याय पतिंगा होता है।

**8. कौन-सा शब्द 'इन्द्र' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) पुरंदर (b) शक्र (c) मघवा (d) गणाधिप
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** उक्त विकल्पों में इन्द्र का पर्यायवाची गणाधिप नहीं है, जबकि अन्य तीनों विकल्प पुरंदर, शक्र और मघवा इन्द्र के पर्यायवाची हैं। गणाधिप, गणेश का पर्यायवाची है।

**9. 'हिरण्यगर्भ' का पर्यायवाची शब्द है –**
(a) विष्णु (b) ब्रह्मा (c) महेश (d) गणेश
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** हिरण्यगर्भ का पर्यायवाची शब्द ब्रह्मा है। ब्रह्मा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – पितामह, स्वयंभू, चतुरानन, प्रजापति, कमलासन, आत्मभू। **विष्णु** का पर्याय अच्युत, जनार्दन, चक्रपाणि, मुकुन्द, नारायण, गरुड़ध्वज आदि। **महेश** का पर्याय शिव, उमापति, महादेव, त्रिपुरारि, देवाधिदेव, मदनारि, चन्द्रमौलि आदि है। गणेश का पर्याय हेरम्ब, विघ्नविनाशक, गणपति, लम्बोदर, एकदन्त, विनायक, गजानन आदि है। **नोट—**आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (a) और (b) अर्थात् ब्रह्मा एवं विष्णु दोनों माना है।

**10. कौन-सा शब्द 'दास' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) अनुचर (b) परिकर (c) भृत्य (d) सेवक
**उत्तर-(*)**

**व्याख्या –** उक्त विकल्पों में दास का पर्यायवाची परिकर भी होता है, जबकि अन्य तीनों अनुचर, भृत्य और सेवक दास के पर्यायवाची हैं।
**नोट –** इस प्रश्न को आयोग ने हटा दिया है।

## विलोम

**11. 'जंगम' का विलोम शब्द है –**
(a) अगम (b) दुर्गम (c) स्थावर (d) चंचल
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** 'जंगम' का विलोम शब्द 'स्थावर' होता है। 'दुर्गम' का विलोम सुगम होता है, 'अगम' का विलोम 'सुगम' तथा 'चंचल' का 'स्थिर' होता है।

**12. 'सृष्टि' का विलोम शब्द है –**
(a) विसृष्टि (b) प्रलय (c) व्यष्टि (d) समष्टि
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** सृष्टि का विलोम 'प्रलय' होता है जबकि व्यष्टि का विलोम समष्टि होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**13. 'ईप्सित' का विलोम शब्द है –**
(a) अभिप्सित (b) अनीप्सित
(c) परोप्सित (d) सुनीप्सित
**उत्तर-(b)**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या – 'ईप्सित' का विलोम 'अनीप्सित' होता है। शेष विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

14. 'साहचर्य' का विलोम शब्द है –
(a) वैमनस्य (b) असहयोग
(c) विनियोग (d) अलगाव
उत्तर-(d)

व्याख्या – 'साहचर्य' का विलोम 'अलगाव' होता है। 'असहयोग' का विलोम 'सहयोग' होता है। 'वैमनस्य' का विलोम 'सौमनस्य' होता है।
नोट- आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) माना है।

15. 'विराट्' का विलोम शब्द है –
(a) वृहद् (b) वृहत् (c) छोटापन (d) क्षुद्र
उत्तर-(d)

व्याख्या – 'विराट्' का विलोम 'क्षुद्र' होता है। 'वृहत्' का विलोम 'लघु' एवं 'छोटापन' का 'बड़ापन' होता है।

16. 'स्पृश्य' का विलोम शब्द है –
(a) स्पृस्य (b) अस्पृस्य
(c) अश्पृष्य (d) अस्पृश्य
उत्तर-(d)

व्याख्या – 'स्पृश्य' का विलोम 'अस्पृश्य' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

17. 'अज्ञ' का विलोम शब्द है –
(a) विज्ञ (b) यज्ञ (c) सर्वज्ञ (d) अनज्ञ
उत्तर-(a)

व्याख्या – 'अज्ञ' का विलोम शब्द 'विज्ञ' है। 'सर्वज्ञ' का विलोम 'अल्पज्ञ' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

18. 'गौरव' का विलोम शब्द है –
(a) लाघव (b) लघुत्व (c) लघुता (d) लघुतम
उत्तर-(a)

व्याख्या – 'गौरव' का विलोम 'लाघव' होता है। 'लघु' का विलोम 'दीर्घ' होता है। इसी प्रकार 'लघुता' का 'दीर्घता' होता है।

19. 'बहिरंग' का विलोम शब्द है –
(a) सर्वाङ्ग (b) अंतरंग (c) चतुरंग (d) अभ्यज्ञ
उत्तर-(b)

व्याख्या–'बहिरंग' का विलोम 'अंतरंग' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

20. 'ग्रस्त' का विलोम शब्द है –
(a) सुप्त (b) ग्राह्य (c) मुक्त (d) लुप्त
उत्तर-(c)

व्याख्या – 'ग्रस्त' का विलोम 'मुक्त' है। 'ग्राह्य' का विलोम 'अग्राह्य' और 'लुप्त' का विलोम 'प्रकट' होता है। इसी प्रकार 'मुक्त' का विलोम 'बद्ध' होता है।

## वाक्य एवं वर्तनी अशुद्धियाँ

21. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है –
(a) मेरे घर के पास एक हलवाई की दुकान है।
(b) मेरे घर के पास एक हलवाई की दुकान स्थित है।
(c) मेरे घर के पास एक हलवाईयों की दुकान है।
(d) मेरे घर के पास हलवाई की एक दुकान है।
उत्तर-(d)

व्याख्या – उक्त दिये गये चारों वाक्यों में शुद्ध वाक्य है – मेरे घर के पास हलवाई की एक दुकान है।

22. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है –
(a) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।
(b) भगवान श्रीकृष्ण के अनेकों नाम का उल्लेख मिलता है।
(c) श्रीकृष्ण को अनेकों नामों से पुकारा जाता है।
(d) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।
उत्तर-(d)

व्याख्या – दिये गये चारों विकल्पों में शुद्ध वाक्य है – श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।

23. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है –
(a) देखो! फूलों पर भौंरें भिनभिना रहे हैं।
(b) देखो! फूलों पर भौंरें गुंजार कर रहे हैं।
(c) देखो! फूलों के ऊपर भौंरें गुंजारते हैं।
(d) देखो! फूलों के ऊपर भौंरें भिनभिना रहे हैं।
उत्तर-(b)

व्याख्या – दिये गये चारों विकल्पों में शुद्ध वाक्य है – देखो! फूलों पर भौंरें गुंजार कर रहे हैं।

24. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है –
(a) उसकी शंका का निवारण हो गया है।
(b) उसकी शंका समाप्त हो गयी है।
(c) उसकी शंका का समाधान हो गया है।
(d) उन्हें अब शंका नहीं रही है।
उत्तर-(c)

व्याख्या – उक्त चारों विकल्पों में सही विकल्प है- उसकी शंका का समाधान हो गया है।
नोट – आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (a) और (c) दोनों माना है।

25. शुद्ध 'संयुक्त वाक्य' का उदाहरण है –
(a) मैं परीक्षा देने के लिए इलाहाबाद जा रहा हूँ।
(b) मुझे परीक्षा देनी है, अतः दिल्ली जा रहा हूँ।
(c) मुझे परीक्षा देनी है और मैं गोरखपुर जा रहा हूँ।
(d) मैं वाराणसी जा रहा हूँ क्योंकि मुझे परीक्षा देनी है।
उत्तर-(c)

व्याख्या – उक्त चारों विकल्पों में संयुक्त वाक्य का सही उदाहरण है- मुझे परीक्षा देनी है और मैं गोरखपुर जा रहा हूँ।

26. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) कलेष (b) क्लेष (c) क्लेश (d) क्लेस
उत्तर-(c)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है - क्लेश

27. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) श्रृंगार (b) श्रंगार (c) शृंगार (d) सृंगार
उत्तर-(c)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है– शृंगार

28. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) उज्जवल (b) उज्ज्वल (c) उत्जवल (d) उत्जवल
उत्तर-(b)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है – उज्ज्वल। शेष सभी शब्द अशुद्ध हैं।

29. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) हिरण्यकश्यपु (b) हिरण्यकशिपु
(c) हिरण्यकश्यप (d) हिरण्यकस्यप
उत्तर-(b)

व्याख्या–दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है – हिरण्यकशिपु।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**30. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

(a) कवयित्री (b) कवित्री (c) कवियित्री (d) कवियत्री

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या –** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है – कवयित्री। शेष सभी शब्द अशुद्ध हैं।

## अनेक शब्दों के एक शब्द

**31. 'कनिष्ठिका और मध्यमा के बीच की अँगुली' को कहते हैं –**

(a) अनामी (b) अनिमिका
(c) अनामीका (d) अनामिका

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** कनिष्ठिका और मध्यमा के बीच की अँगुली को अनामिका कहते हैं।

**32. 'जिसके पेट में माँ ने रस्सी (दाम) बाँध दी हो', उसे कहते हैं –**

(a) दामाद (b) दामाद इतर
(c) दाम (d) दामोदर

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 'जिसके पेट में माँ ने रस्सी (दाम) बाँध दी हो' उसे कहते हैं – दामोदर।

**33. 'पीछे-पीछे चलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है –**

(a) अनुचर (b) अनुगामी
(c) अनुवर्ती (d) अनुगमनीय

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** 'पीछे-पीछे चलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है – अनुगामी। **नोट –** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (a) और (b) अर्थात् अनुगामी और अनुचर दोनों माना है।

**34. 'जिसकी कोई कीमत न हो सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है –**

(a) कीमती (b) अमूल्य
(c) बहुमूल्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** 'जिसकी कोई कीमत न हो सके' एक शब्द है-अमूल्य। जो बहुत कीमती हो, उसे बहुमूल्य कहा जाता है।

**35. 'थोड़ा नपा-तुला भोजन करने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है –**

(a) मितव्ययी (b) मितव्यय (c) मिताहारी (d) मितहारीन

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** 'थोड़ा नपा-तुला भोजन करने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है – मिताहारी, जबकि 'कम खर्च करने वाला' के लिए एक शब्द – 'मितव्ययी' होता है।

**36. 'गुरु के समीप रहकर अध्ययन करने वाला' के लिए एक शब्द है –**

(a) शिष्य (b) आश्रमवासी
(c) विद्यार्थी (d) अन्तेवासी

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 'गुरु के समीप रहकर अध्ययन करने वाला' के लिए एक शब्द है – अन्तेवासी। इसी प्रकार जो विद्या को चाहने वाला हो, वह विद्यार्थी है। गुरु का अनुकरण करने वाला शिष्य होता है।

**37. 'जिसके हृदय पर आघात हुआ हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा –**

(a) मर्माहित (b) मर्माहत (c) मर्माहुत (d) मर्माहूत

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** 'जिसके हृदय पर आघात हुआ हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा – मर्माहत।

**38. 'जो अपने पद से हटाया गया हो' के लिए एक उपयुक्त शब्द होगा –**

(a) पदभ्रष्ट (b) पदानवत (c) पदानुगत (d) पदच्युत

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 'जो अपने पद से हटाया गया हो' के लिए एक उपयुक्त शब्द होगा – पदच्युत, जो अपने पद का दुरुपयोग करता है उसे पदभ्रष्ट कहा जाता है।

**39. 'जिसे किसी वस्तु की स्पृहा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द होगा –**

(a) निःस्पृहा (b) निःस्पृह
(c) निस्पृह (d) निस्पृहीन

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** 'जिसे किसी वस्तु की स्पृहा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द होगा – निःस्पृह। **नोट –** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (b) और (c) अर्थात् निःस्पृह एवं निस्पृह दोनों को माना है।

**40. 'जिसकी पूर्व से कोई आशा न हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा –**

(a) प्रत्याशित (b) अप्रत्यासित
(c) अप्रत्याषित (d) अप्रत्याशित

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 'जिसकी पूर्व से कोई आशा न हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा – अप्रत्याशित।

## तत्सम एवं तद्भव

**41. 'मक्खी' शब्द का तत्सम रूप है –**

(a) मच्छिका (b) माछी
(c) मच्छी (d) मक्षिका

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 'मक्खी' शब्द का तत्सम रूप है – मक्षिका
**नोट-** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (a) माना है।

**42. 'हल्दी' शब्द का तत्सम रूप है –**

(a) हरद्रिका (b) हरीद्रा (c) हरिद्रा (d) हलिद्रा

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** 'हल्दी' शब्द का तत्सम रूप है – हरिद्रा। शेष विकल्प तर्कसंगत नहीं हैं।

**43. 'हुलास' शब्द का तत्सम रूप है –**

(a) हिलास (b) विलास
(c) हास्य (d) उल्लास

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 'हुलास' शब्द का तत्सम रूप है – उल्लास। हँसी का तत्सम 'हास्य' होता है।

**44. 'नारियल' शब्द का तत्सम रूप है –**

(a) नारिकेल (b) नारिकेलि
(c) नारीकेल (d) नारिकेला

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या –** 'नारियल' शब्द का तत्सम रूप 'नारिकेल' होता है।
**नोट –** आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर (a) और (c) अर्थात् नारिकेल एवं नारीकेल दोनों माना है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

45. **'सींग' शब्द का तत्सम रूप है –**
(a) श्रृंग (b) शिंग (c) शृंग (d) सिंग
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** 'सींग' शब्द का तत्सम रूप है – शृंग। शेष विकल्प असंगत हैं।

46. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?**
(a) दुआर (b) सायं (c) गिरिस्ती (d) पाँव
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** दिये गये विकल्पों में तद्भव शब्द **सायं** नहीं है। जबकि दुआर, गिरिस्ती एवं पाँव तद्भव शब्द हैं।

47. **'एकल' शब्द का तद्भव रूप है –**
(a) अकल (b) अकिल
(c) अकेला (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** 'एकल' शब्द का तद्भव रूप है – अकेला।

48. **'कर्पट' शब्द का तद्भव रूप है –**
(a) कटरना (b) कपाट (c) कपड़ा (d) कपट
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** 'कर्पट' शब्द का तद्भव रूप है – कपड़ा।

49. **'कैवर्त्त' शब्द का तद्भव रूप है –**
(a) मल्लाह (b) केवट (c) नाविक (d) केवल
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** 'कैवर्त्त' शब्द का तद्भव रूप है - केवट।

50. **'गृध्र' शब्द का तद्भव रूप है –**
(a) गीधना (b) गृध (c) गीधी (d) गीध
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 'गृध्र' शब्द का तद्भव रूप 'गीध' होता है।

## विशेष्य एवं विशेषण

51. **विशेषण जिस संज्ञा की विशेषता बताता है, उसे क्या कहते हैं?**
(a) संख्यावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) विशेष्य (d) सार्वनामिक विशेषण
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** विशेषण जिस संज्ञा की विशेषता बताता है उसे विशेष्य कहते हैं। जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाता है उसे विशेषण कहते हैं।

52. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेष्य है?**
(a) आसीन (b) अग्नि (c) मधुर (d) कर्मठ
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** उक्त प्रश्नांतर्गत सही विकल्प अग्नि है।

53. **''ठण्डा पानी ठण्ड पैदा करता है।'' इस वाक्य में कौन-सा शब्द विशेष्य है?**
(a) ठण्डा (b) ठण्ड (c) पानी (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या –** ठण्डा पानी ठण्ड पैदा करता है, में विशेष्य शब्द पानी है; जबकि ठण्डा शब्द विशेषण है।

54. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेष्य है?**
(a) अनासक्ति (b) अनासक्त
(c) अनुशंसित (d) अपमानित
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या –** उक्त विकल्पों में विशेष्य शब्द अनासक्ति है। यह संज्ञा शब्द है, जबकि अनासक्त शब्द इसका विशेषण है।

55. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेष्य है?**
(a) पौष्टिक (b) पाठकीय
(c) भावुक (d) विषाद
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** दिये गये विकल्पों में विशेष्य शब्द विषाद है, इसका विशेषण विषण्ण है; जबकि पौष्टिक, भावुक और पाठकीय विशेषण शब्द हैं।

56. **'धुँधला' शब्द में विशेषण है –**
(a) संख्यावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या –** 'धुँधला' शब्द में गुणवाचक विशेषण है। गुणवाचक विशेषण के अन्य उदाहरण हैं– काला, सफेद, मोटा, पतला, गरीबी, खट्टा, मीठा आदि।

57. **'सरीखा' शब्द में विशेषण है –**
(a) गणनावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) समुदायवाचक विशेषण (d) क्रमवाचक विशेषण
**उत्तर-(b)**

**व्याख्या–**'सरीखा' में 'गुणवाचक विशेषण' है। **गुणवाचक विशेषण–**जिस विशेषण से किसी संज्ञा या सर्वनाम का गुण-दोष, रूप-रंग, आकार-प्रकार, सम्बन्ध, दशा आदि का पता चले, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

58. **''वह नौकर नहीं आया।'' वाक्य में 'वह' कौन-सा विशेषण है?**
(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) परिमाणबोधक विशेषण
**उत्तर-(a)**

**व्याख्या –** उक्त प्रश्न में 'वह' सार्वनामिक विशेषण है। संज्ञा के बदले जो शब्द आता है, उसे सर्वनाम कहते हैं। जैसे- वह, वे, मैं, तुम आदि, जबकि जो सर्वनाम शब्द संज्ञा के पहले आकर संज्ञा की विशेषता बतलाते हैं, उसे सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।

59. **'तीसरा' शब्द में विशेषण है –**
(a) पूर्णांकबोधक विशेषण (b) आवृत्तिवाचक विशेषण
(c) गणनावाचक विशेषण (d) क्रमवाचक विशेषण
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 'तीसरा' शब्द में क्रमवाचक विशेषण है। उदाहरणार्थ- पहला, दूसरा, तीसरा आदि, जबकि गणनावाचक विशेषण एक, दो, तीन, चार आदि होता है एवं आवृत्ति वाचक विशेषण दोगुना, तिगुना, चौगुना आदि होता है।

60. **'चौथाई' शब्द का विशेषण है –**
(a) आवृत्तिवाचक विशेषण (b) गणनावाचक विशेषण
(c) क्रमवाचक विशेषण (d) अपूर्णांकबोधक विशेषण
**उत्तर-(d)**

**व्याख्या –** 'चौथाई' शब्द में 'अपूर्णांकबोधक विशेषण' है। **'अपूर्णांकबोधक विशेषण'–**जिससे पूर्ण संख्या के किसी एक भाग का बोध हो, उसे अपूर्णांकबोधक कहा जाता है। **जैसे–**पौने दो, साढ़े दस, चौथाई, तिहाई आदि।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"